# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—सामाजिक विज्ञान

## भाग—एक

## कक्षा — आठवीं



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

# प्रकाशन वर्ष 2022–23

## संरक्षक
राजेश सिंह राणा 'IAS'
संचालक, SCERT

## मार्गदर्शक
डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,
डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

## संयोजक
श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक
श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

## विशेष सहयोग
डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

## विषय विशेषज्ञ
श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, श्रीमती विद्या डांगे

## लेखन
दर्शना मोहरे

## टंकण
तोरण लाल साहू

## आवरण
सुधीर कुमार वैष्णव

---


## प्रकाशक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़
शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **’प्रश्न बैंक’** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **’प्रश्न बैंक’** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **’प्रश्न बैंक’** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **’प्रश्न बैंक’** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह ’प्रश्न बैंक’ विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **’प्रश्न बैंक’** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि ’प्रश्न बैंक’ का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

# इतिहास


| | |
|---|---|
| 1. आधुनिक यूरोप का उदय | 1-5 |
| 2. भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी शासन की व्यवस्था | 6-9 |
| 3. अंग्रेजी शासन का भारतीय जन जीवन पर प्रभाव | 10-12 |
| 4. भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम | 13-16 |
| 5. भारतीय समाज में नए विचार | 17-20 |
| 6. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन | 21-26 |
| 7. भारतीय गणतंत्र की स्थापना | 27-30 |
| 8. छत्तीसगढ़ अध्ययन | 31-34 |


# नागरिक शास्त्र


| | |
|---|---|
| 1. अब मीता जानती है | 1-3 |
| 2. हमारा संविधान | 4-6 |
| 3. मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य | 7-10 |
| 4. केंद्र की सरकार | 11-14 |
| 5. कर (tax) | 15-17 |
| 6. भारत में कृषि का विकास | 18-21 |
| 7. संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.) | 22-25 |
| 9. सूचना का अधिकार | 26-28 |
| 10. ट्रांस जेंडर / थर्ड जेंडर | 29-31 |

## अध्याय 1 आधुनिक यूरोप का उदय

**सही उत्तर का चुनाव कीजिये-**

1. इतिहास के काल विभाजन का मुख्य कारण है -

अ. अध्ययन अध्यापन की सुविधा | ब. सामाजिक व्यवस्था

स. राजनैतिक सुधार के लिए | द. आर्थिक सुद्‌दृढ़ता

उत्तर -ब. सामाजिक व्यवस्था

2. आधुनिक काल की मुख्यविशेषताएं थी-

अ. तर्क एवं बुद्‌धिवाद | ब. मानववाद

स. नवीन अन्वेषण | द. उपरोक्त सभी

उत्तर -द. उपरोक्त सभी

3. आधुनिक काल की जानकारी प्राप्त होती है -

अ. लिखित इतिहास से | ब. आधुनिक संचार साधन से

स. विभिन्न दस्तावेज से | द. उपरोक्त सभी

उत्तर -द. उपरोक्त सभी

4. बाइबिल का प्रचार स्थानीय भाषा में किया गया है क्योंकि-

अ. आम व्यक्ति प्रवचन दे सकें

ब. धर्म की बातों को समझ सकें

स. धर्म का प्रचार कर सके

द. अधिक मात्रा में बाइबिल की बिक्री हो सके

उत्तर -ब. धर्म की बातों को समझ सकें

5. मार्टिन लूथर धर्मगुरु थे -

अ. इस्लाम धर्म के    ब. ईसाई धर्म के

स. यहूदी धर्म के    द. हिन्दूधर्म के

उत्तर -द. हिन्दू धर्म के

**6. सही जोड़ी नहीं है-**

अ. कॉपरनिकस - खगोल वैज्ञानिक

ब. कोलम्बस - यूरोप से अमेरिका तक समुद्री मार्ग की खोज

स.मार्टिन लूथर - पोप के विचारों का समर्थक

द. हेनरी अष्टम -पुनर्जागरण को संभव बनाया

उत्तर -स. मार्टिन लूथर - पोप के विचारों का समर्थक

**रिक्त स्थान की पूर्ति करो-**

7. यूरोप एवं भारत के व्यापारिक मार्ग का मुख्य द्वार ........... था|

उत्तर - फारस की खाड़ी

8. यूरोप से अमेरिका पहुँचने वाले समुद्री मार्ग की खोज ........... ने की थी|

उत्तर - कोलंबस

9. पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है,इस सिद्धांत की खोज किसने की थी |

उत्तर - कॉपरनिकस एवं गैलिलियो

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -**

**प्र.10. इतिहासकारों ने विश्व के इतिहास कोकितने कालों में विभाजित किया ?** **SST 811**

उत्तर- इतिहासकारों ने विश्व के इतिहास को तीन कालो में विभाजित किया है, जो निम्नानुसार हैं-

अ. प्राचीन काल

ब. मध्य काल

स. आधुनिक काल

**प्र.11. आधुनिक काल की विशेषताएं बताइये |** **SST 811**

उत्तर- आधुनिक काल की विशेषताएं -

अ. तर्क एवं बुद्धिवाद- इस युग में व्यक्ति किसी तथ्य को तब स्वीकार करता था जब वह उसे तर्क की कसौटी पर प्रमाणित पाता था, इसके कारण यूरोप में विज्ञान का विकास हुआ |

ब. मानववाद - इस युग में मानव की उन्नति और भौतिक सुखों को ज्यादा महत्व दिया जाने लगा |

स. नवीन अन्वेषण - इस काल में भौगोलिक खोजों, विज्ञान की प्रगति, औद्योगिक क्रांति एवं नवीन राजनैतिक, सामाजिक विचार धाराओं की शुरुआत हुई |

**प्र.12. व्यापारवाद क्या है ?** **SST 813**

उत्तर- व्यापार द्वारा अपने राष्ट्र को अधिकाधिक संपन्न बनाना व अन्य राष्ट्रों को मात देना, अंग्रेजी शासकों ने इसके लिए अपने व्यापारियों को चुंगी में छूट सहित कई रियायतें दीं,इस आर्थिक नीति को व्यापारवाद कहा जाता है |

**प्र.13. डच, फ्रांस, पुर्तगाल एवं ब्रिटेन के उपनिवेश भारत में कहाँ-कहाँ बने थे ?** **SST 811**

उत्तर- डच, पुर्तगाल एवं ब्रिटेन के उपनिवेश भारत में -

1. बॉम्बे 2. सूरत 3. गोवा

4. पोंडिचेरी 5.अंडमान - निकोबार द्वीपसमूह

6. लक्ष्यद्वीप 7. दमन और दीव 8. दादरा एवं नगरहवेली

9. मैसूर

**प्र.14. मार्टिन लुथर कौन थे ? इनके अनुयायियों को क्या कहा जाता था ?** **SST 811**

उत्तर- मार्टिन लुथेर जर्मन धर्मगुरु थे जिन्होंने,धार्मिक धर्मगुरूओं के दुष्प्रचारों की निंदा करते हुए आम लोगों कोस्वयं बाइबिल पढ़ कर समझने को कहा था और स्वयं से धर्म के तत्वों को जानने के लिए प्रेरित किया,इनके अनुयायियों को प्रोटेस्टेंट कहा जाता है। जिन्होंने धर्म सुधार आन्दोलन के फलस्वरूप पोप के दबदबे मेंकमी लायी |

**प्र.15. यूरोप में औद्योगिक क्रांति और इसके फलस्वरूप आये उपनिवेशवाद की व्याख्या कीजिये|** **SST 811.808**

उत्तर -18 वीं शताब्दी के आरंभ में इंग्लैंड से शुरू हुई औद्योगिक क्रांति ने अन्य यूरोपीय देशों की उत्पादन प्रणाली को भी प्रभावित किया | आगे चलकर बिजली तथा दमन-भट्टी जैसे आविष्कार ने लोहे की ढलाई जैसे मुश्किल काम को आसान बना दिया |

उपनिवेशों से संबंधित इस नीति को उपनिवेशवाद कहा जाता है |

यह उपनिवेशवाद यूरोपीय राष्ट्रों की व्यापार वृद्धि और व्यापारियों की बढ़ती धन लिप्सा का ही परिणाम था | आधिकारिक उपनिवेशों को हथियाने के लिए यूरोपीय राष्ट्रों में संघर्ष होने लगा जो अंततः प्रथम विश्व युद्ध में परिवर्तित हो गया |

**प्र.16. यूरोप और भारत के मध्य व्यापारिक संबंधों की विवेचना कीजिये |** **SST 810**

उत्तर- यूरोप और भारत के व्यापारिक सम्बन्ध बहुत पुराने थे। जल व थल दोनों मार्गों से भारत तथा यूरोप के मध्य व्यापार होता था।

1. पहला मार्ग- फारस की खाड़ी से जुड़ा समुद्री मार्ग जिससे इराक, तुर्की, वेनिस, जिनेवा के साथ व्यापार होता था |

2. दूसरा मार्ग - मध्य एशिया से मिस्र होकर यूरोप के लिए जाने वाला थल मार्ग, इस प्रकार यूरोप के सभी क्षेत्रो में भारत की वस्तुओं की वितरण के लिए वेनिस और जिनेवा प्रमुख व्यापारिक केंद्र थे |

**प्र.17. यूरोप में व्यापार वृद्धि का वर्णन करते हुए उसके परिणाम लिखिए |** **SST 812.819**

उत्तर - व्यापारियों को विदेशी व्यापार से अपार लाभ तोथे मगर इसके लिए अनेककठिनाइयाँ थीं, इन कठिनाइयों से बचने के लिए उन्होंने व्यापारी, कामगिरों को काम देने, तैयार माल इकट्ठा करने, माल का भण्डारण करने जैसे अनेक कामों को सामूहिक रूप से करने में मदद देनेलगे | इस प्रकार व्यापारिक कम्पनियों की स्थापना हुई और व्यापार में वृद्धि होने लगी |

यूरोप में व्यापार वृद्धि के परिणाम -

अ. आर्थिक प्रभाव - यूरोपीय अर्थव्यवस्था में व्यापार तथा उद्योगों का महत्व बढ़ने लगा | व्यापार के लिए पूंजी उपलब्ध कराने वाले बैंको की संख्या में वृद्धि हुई | व्यापारिक केन्द्रों का उदय हुआ |

ब. सामाजिक प्रभाव - व्यापार से संबंधित अनेक व्यवसायों की वृद्धि के फलस्वरुप समाज में बैंकर, दलाल, लिपिक,हिसाब लिखनेवालों का एक वर्ग अस्तित्व में आया,जिसे मध्यम वर्ग कहा जाता है |

स. राजनैतिक प्रभाव - व्यापार वृद्धि का प्रभाव यूरोप के राजनैतिक क्षेत्र पर भी पड़ा,नयी व्यवस्था के अंतर्गत सामंतवाद का पतन आरंभ हुआ और एक नयी व्यवस्था,जिसे पूंजीवाद कहते हैं |

# अध्याय 2

# भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी शासन की व्यवस्था

**सही विकल्प चुनिए -**

1. हैदर अली कहां का शासक था -

अ. मैसूर　　ब. हैदराबाद

स. मद्रास　　द. बंगाल

उत्तर -अ. मैसूर

2. डाक तार की स्थापना किसने की -

अ. विलियम बैंटिक ने　　ब. डलहौजी ने

स. वैलेज़ली ने　　द. वारेन हेन्स्टिंग ने

उत्तर -ब. डलहौजी ने

3. पुर्तगालियों ने भारत में अपने कारखाने खोले-

अ. दिल्ली　　ब. बंबई

स. गोवा　　द. मद्रास

उत्तर -स. गोवा

4. यूरोपीय व्यापारी मसालों के बदले भारत को देते थे -

अ. पेट्रोल　　ब. सोना-चांदी

स. कच्चामाल　　द. कपास

उत्तर -ब. सोना-चांदी

5. पुर्तगाल के व्यापारी समुद्री मार्ग से भारत आये थे -

अ. निवास करने के लिए　　ब. व्यापार करने के लिए

स. धर्म का प्रचार करने के लिए　　द. व्यापार एवं धर्म का प्रचार करने के लिए

उत्तर -ब. व्यापार करने के लिए

**6. सही जोड़ी मिलाओ -**

i. पेरिस की संधि - कर्नाटक युद्ध

ii. इलाहाबाद की संधि - बक्सर का युद्ध

iii. बेसिन की संधि - अंग्रेज़ मराठा युद्ध

iv. श्रीरंगपट्नम की संधि - मैसूर युद्ध

**7. सही क्रम दीजिये -**

अंग्रेज गवर्नर का भारत आगमन जिस क्रम में हुआ, उसी क्रम में इन नामों को व्यवस्थित करें-

1. वेलेजली 2. कार्नवालिस 3. लार्ड हेस्टिंग्स 4. विलियम बैंटिक 5. डलहौजी

उत्तर- 1. कार्नवालिस 2. वेलेजली 3. लार्ड हेस्टिंग 4. विलियम बैंटिक 5. डलहौजी

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -**

8. अंग्रेजों ने प्रारंभ में...........को अपनी राजधानी बनाया | (कलकत्ता)

9. यूरोप से भारत पहुँचने के समुद्री मार्ग की खोज.................ने की थी | (वास्को डी गामा)

10. ..................ने पांडिचेरी नगर की स्थापना की | (फ़्रांसिसी मार्टिन)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-**

**प्र.11. लार्ड विलियम बैंटिक के प्रशासनिक सुधारों का उल्लेख कीजिये ?** **SST 812**

उत्तर - लार्ड विलियम बैंटिक की गणना सुधारक गवर्नर जनरल के रूप में की जाती है,वह युद्ध के बदले शांति का अनुयायी था,उनके द्वारा किये गए प्रशासनिक सुधार -

अ. उच्च पदों पर भारतीय अधिकारियों की नियुक्ति |

ब. प्रमुख सामाजिक कुरूतियों (बाल विवाह, सती प्रथा, बाल हत्या) को रोकने हेतु कानून बनाये |

स. कलकत्ता में मेडिकल कॉलेज की स्थापना |

द. राष्ट्रीय महामार्गो एवं राजमार्गो की स्थापना |

**प्र.12. 1773 के रेग्युलेटिंग एक्ट के बारे में बताइए ?** **SST 811**

उत्तर - वारेन हेस्टिंग के गवर्नर जनरल बनने के पश्चात ब्रिटिश संसद ने 19 जून 1773 को रेग्युलेटिंग एक्ट पास किया इसके पश्चात बंगाल में अंग्रेजों का सीधा शासन स्थापित हो गया और उन्होंने कलकत्ता को अपनी राजधानी बनाया |

**प्र.13. प्रथम एवं द्वितीयआंग्ल मैसूर युद्धों के कारण एवं परिणाम लिखिए |** **SST 811.813**

उत्तर - आंग्ल मैसूर युद्धों के कारण -

अ. वारेन हेंन्स्टिंग की युध्द नीति के तहत भारतीय शासकों से लड़ाईयां शुरू की इन्हीं नीतियों के तहत उसनेमैसूर के शासक हैदर अली से प्रथम आंग्ल मैसूर युद्ध की घोषणा की, प्रथम आंग्ल मैसूर युद्ध (1767-1769) यह युद्ध मद्रास की संधि से समाप्त हुआ |

ब. जब मराठा पेशवा ने मैसूर पर आक्रमण किया था तो मद्रास की संधि के अनुसार अंग्रेजों को मैसूर की सहायता के लिए आना था | परन्तु संधि का उलंघन होने के कारण 1780 में आंग्ल मैसूर युद्ध शुरू हुआ| यह युद्ध मंगलोर की संधि व बराबरी पर समाप्त हुआ था |

**प्र.14. डलहौजी की हड़प नीति पर प्रकाश डालिए ?** **SST 811.813**

उत्तर- डलहौजी ने अपनी पहली नीति के अनुसार सतारा, जैतपुर, झाँसी,नागपुर, उदयपुर,आदि राज्यों को अंग्रेजी साम्राज्य में मिला लिया | उसने अपनी दूसरी नीति के अनुसार अवध को अपने अधिकार में कर लिया,उसने युद्ध के द्वारा पंजाब को भी अंग्रेजी साम्राज्य में मिला लिया | निःसंतान राजाओं के दत्तक पुत्रों के अधिकारों को न मानते हुए उनके राज्य को अंग्रेजी राज्य में मिला लिया |

डलहौजी की हड़प नीति के परिणाम स्वरुप भारत के देशी राज्यों में असंतोष व्याप्त हो गया था जो सन 1857 के आन्दोलन के कारणों में से एक था |

**प्र.15. 1757 के प्लासी के युद्ध से अंग्रेजोंको क्या लाभ हुए ? उल्लेख कीजिये |** **SST 811.812.813**

उत्तर - प्लासी के युद्ध से अंग्रेजों को बहुत आर्थिक लाभ हुआ, अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बनाकर उससे अपार धन वसूल किया और व्यापारिक सुविधाए प्राप्त की, कुछ समय पश्चात उससे चटगाँव, वर्धमान, मिदनापुर जिलों से राजस्व वसूल करने का अधिकार स्थाई रूप से प्राप्त कर लिया |

**प्र.16. 1764 के बक्सर के युद्ध के परिणामों की व्याख्या कीजिये ?**

उत्तर- 1764 के बक्सर के युद्ध के परिणाम -

अ. अंग्रेजों ने सिराजुद्दौला को पुनः अवध का नवाब बना दिया और उसके बदले अवध में मुफ्त व्यापार करने की छूट प्राप्त की |

ब. यह तय हुआ था किआवश्यकता पड़ने पर अवध की सेना अंग्रेजों की सहायता करेगी |

स. इलाहाबाद की संधि से अंग्रेजों को बंगाल, बिहार और उड़ीसा से राजस्व वसूलने का अधिकार प्राप्त हो गया तथा द्वैत शासन की स्थापना प्रारंभ हो गयी |

# अध्याय 3

## अंग्रेजी शासन का भारतीय जन जीवन पर प्रभाव

**सही विकल्प चुनिए -**

1. छत्तीसगढ़ का प्रथम कॉलेज है-

अ. दुर्गा महाविद्यालय　　ब. हरिशंकर महाविद्यालय

स. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय　　द. पं सुन्दरलाल शर्मा महाविद्यालय

उत्तर - स. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय

2. छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के जनक कहे जाते हैं-

अ. पं माधवराव सप्रे　　ब. मायाराम सुरजन

स. रामगोपाल महेश्वरी　　द. डॉ. हिमांशु द्विवेदी

उत्तर - अ. पं माधवराव सप्रे

3. मैकाले शिक्षा पद्धति का मुख्य उद्देश्य था -

अ. भारतीयों को शिक्षित करना

ब. भारतीयों को नौकरी देना

स. भारत के लोगों की मानसिकता को शासन के पक्ष में करना

द. भारतीयों को ज्ञान विज्ञान से अवगत करना

उत्तर - अ. भारतीयों को शिक्षित करना

4. छत्तीसगढ़ का प्रथम समाचार पत्र छत्तीसगढ़ मित्र प्रकाशित हुआ -

अ. बिलासपुर से　　ब. रायपुर से

स. पेंड्रा से　　द. दुर्ग से

उत्तर -स. पेंड्रा से

5. राजनांदगांव रियासत का राजकीय समाचार पत्र था -

अ. लोकवाणी ब. प्रजा हितैषी

स. हितवाद द. जनधारा

उत्तर - ब. प्रजा हितैषी

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -**

6. रैयतवाड़ी व्यवस्था ............ की राजस्व नीति थी |

उत्तर - लार्ड कार्नवालिस

7. छत्तीसगढ़ में गाँव की लगान वसूली हेतु...........पद सृजित किया गया था |

उत्तर - गौंटिया

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -**

**प्र.8. ब्रिटिश भारत के प्रमुख बन्दरगाहों के नाम लिखिए |**

उत्तर - ब्रिटिश भारत के प्रमुख बंदरगाह-

अ. विशाखापटनम ब. बॉम्बे स. सूरत

द. मद्रास ड. ढाका

प्र.9. **टिप्पणी लिखिए|**

**SST 808, 809**

अ.<u>रैयतवाडी व्यवस्था</u>- इस व्यवस्था का मूल आधार लगान का किसान के साथ सीधे करार करना था| यह तय किया गया था कि कृषि उत्पादन में हुए खर्च को निकालकर जो बचेगा उसका पचास प्रतिशत भू-राजस्व होगा |

ब.<u>महलवाडी व्यवस्था</u> - इस व्यवस्था में पूरे गाँव के परिवारों(महल) को लगान का बंदोबस्त करने के लिए कहा जाता था | इसमें भी कृषि खर्च और किसानों के भरण पोषण का खर्च निकाल कर जो बचता था उसका आधा हिस्सा लगान के रूप में वसूल किया जाता था | इसे उत्तरप्रदेश, पंजाब, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी लागू किया गया था |

स.छत्तीसगढ में भू-राजस्व व्यवस्था- अंग्रेज़ अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ की लगान व्यवस्था में अनेक परिवर्तन किये | उन्होंने छत्तीसगढ़ को अनेक तहसीलों में बाँट दिया और तहसीलदारों की नियुक्ति की |

प्रत्येक परगने में लगान वसूल करने के लिए मिर,पंड्या,राजस्व अधिकारी की नियुक्ति की |अंग्रेजों ने गौंटिया पद का सृजन किया,जो वर्ष में तीन किश्तों में लगान वसूल करते थे |

**प्र.10. अंग्रेजों की नीति का भारतीय दस्तकारी एवं शिल्पकला पर क्या प्रभाव पड़ा ?** **SST 811**

उत्तर -कंपनी की प्रशासनिक व्यवस्था ऐसी थी कि भारतीय हस्तकला एवं शिल्पकारी धीरे धीरे नष्ट होने लगी,भारतीय दस्तकारों एवं शिल्पियों को अपनी वस्तुएं कम दामों पर बेचने पर विवश कर दिया और उन पर भारी कर लगा दिया गया | परिणाम स्वरुप भारतीय दस्तकारी एवं शिल्प विदेशी वस्तुओं के सामने टिक नहीं पाई और भारतीय कारीगरों को अपना व्यवसाय छोड़ना पड़ा |

**प्र.11. अंग्रेजों के शासन काल में भारतीय वन क्षेत्रों पर क्या प्रभाव पड़ा ?** **SST 814,815**

उत्तर -अंग्रेजी शासन के दौरान भारत में वनोपजों पर आधारित मिलों व कारखानों की स्थापना हुई, भारत के जंगलो में पायी जानेवाली मजबूत लकड़ियों का उपयोग रेलों की पटरियां बिछाये जाने के लिए किया जाता था,जिससे वनों की कटाई में तेज़ी आ गई और जंगलों में रहनेवाले आदिवासियों की जीवन शैली प्रभावित हुई |अंग्रेजों ने भारतीय संसाधनों का भरपूर दोहन किया जिसके परिणाम स्वरुप भारतीय अंग्रेजी शासन के विरोध में उठ खड़े हुए |

**प्र. 12. ब्रिटिश शासन काल में संचार और परिवहन के साधनों का विकास होने से लोगों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित हुई | विवेचना कीजिये |** **SST 811,814**

उत्तर- ब्रिटिश शासन काल में भारत में विभिन्न बंदरगाहों से जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण किया गया, रेलवे की शुरुआत एक क्रांतिकारी परिवर्तन था | इन्ही दिनों टेलीग्राम सुविधा भी आरंभ हुई एवं डाक व्यवस्था में भी सुधार किया गया,संचार एवं परिवहन के साधनों के विकास से देश के लोग एक दूसरे के संपर्क में आये एवं उन्होंने एक दूसरेकी भावनाओं को समझा,इससे लोगों में राष्ट्रीयता की भावना निर्मित हुई |

# अध्याय 4
# भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम

**सही विकल्प चुनो-**

1. 1857 के प्रथम क्रांतिकारी थे -

अ. मंगल पांडे | ब. तात्या टोपे

स. भगत सिंह | द. नाना साहब

उत्तर-अ. मंगल पांडे

2. प्रथम सिपाही विद्रोह आरंभ हुआ -

अ. दिल्ली छावनी में | ब. कानपुर छावनी में

स. मेरठ छावनी में | द. अम्बाला छावनी में

उत्तर-स. मेरठ छावनी में

3. छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शहीद थे -

अ. गुंडाधुर | ब. वीर नारायण सिंह

स. प्रवीरचंद | द. हनुमान सिंह

उत्तर-ब. वीर नारायण सिंह

4. दिल्ली में सिपाही विद्रोह का नेतृत्व किया -

अ. बहादुर शाह जफ़र ने | ब. बख्तर खां ने

स. नाना साहेब ने | द. तात्याटोपे ने

उत्तर-अ. बहादुर शाह जफ़र ने

5. शहीद वीर नारायण सिंह का जन्म स्थान -

अ. बिलासपुर | ब. सोनाखान

स. रायपुर | द. राजिम

उत्तर-ब. सोनाखान

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -**

6. ब्रिटिश कम्पनी ने किसानों को ------------------- की खेती करने पर विवश किया |

उत्तर-<u>नील</u>

7. हनुमान सिंह को छत्तीसगढ़ का ------------------- कहा जाता है |

उत्तर-<u>मंगल पांडे</u>

8. दिल्ली का अंतिम मुग़ल बादशाह------------------- था |

उत्तर-<u>बहादुर शाह ज़फ़र</u>

9. इंग्लैण्ड की महारानी ------------------- ने 1 नवम्बर 1858 को एक घोषणा पत्र जारी किया था |

उत्तर-<u>विक्टोरिया</u>

10. 1857 की क्रांति के समय भारत के गवर्नर जनरल ------------------- थे |

उत्तर-<u>चार्ल्स कैनिंग</u>

**11. सही जोड़ी का मिलान कीजिये-**

| | |
|---|---|
| अ. कुंवर सिंह | - रुहेलखण्ड |
| ब. तात्या टोपे | - सोनाखान |
| स. लक्ष्मीबाई | - सोनाखान |
| द. हजरत महल | - झाँसी |
| ड. वीरनारायण सिंह | - बिहार |

उत्तर-

| | |
|---|---|
| अ. कुंवर सिंह | - बिहार |
| ब. तात्या टोपे | - कानपुर |
| स. लक्ष्मीबाई | - झाँसी |
| द. अहमदुल्ला | - रुहेलखण्ड |
| ड. वीरनारायण सिंह | - सोनाखान |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

**प्र.12. महारानी विक्टोरिया के घोषणा पत्र में भारतीयों को कौन-कौन से आश्वासन दिए गये थे? SST 812.816**

उत्तर- भारत की नाराज़ जनता को शांत करने के उद्देश्य से इंग्लैण्ड की महारानी विक्टोरिया ने सन् 1858 में घोषणा पत्र जारी किया जिसे भारत सरकार अधिनियम भी कहते हैं | इसअधिनियम में-

- कम्पनी का शासन समाप्त कर सीधे इंग्लैण्ड की संसद द्वारा संचालित करने की घोषणा की गई|
- भारतीय जनता के धार्मिक एवं सामाजिक पहलुओं के प्रति संवेदना (अहस्तक्षेप) की नीति अपनाई गई|
- गवर्नर जनरल को वायसराय कहा जाने लगा | जो ब्रिटिश सम्राट के प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रमुख प्रशासक था |

**प्र.13. सन् 1857 का विद्रोह असफल क्यों रहा ? SST 816**

उत्तर - 1857 की क्रांति या विद्रोह असफल होने के कारण -

अ. विद्रोहियों के बीचकेन्द्रीय नेतृत्व का अभाव |

ब. विद्रोहियों के पास पर्याप्त मात्रा में हथियार नहीं थे |

स. शिक्षित वर्ग एवं रजवाड़ेविद्रोह में शामिल नहीं हुए |

द. पूरे भारत वर्ष में विद्रोह का नहीं पहुँच पाना |

**प्र.14. छत्तीसगढ़ में हुए विद्रोह को उल्लेखित कीजिये | SST 816.814**

उत्तर- वीर नारायण सिंह सोनाखान के जमींदार थे।छतीसगढ़ में वीर नारायण सिंह के नेतृत्व में, जो बलौदाबाजार के पास स्थित सोनाखान नामक स्थान से आरंभ हुआ था | वीर नारायण सिंह यहाँ के जमींदार थे | सन 1857 ई. को उन्होंने लगभग 500 किसानों की सेना संगठित कर ली थी और स्वतंत्रता संग्राम विद्रोह में भाग लिया था | बाद में अंग्रेजों ने इन्हें बंदी बनाकर मुकदमा चलाया और 10 दिसम्बर 1857 को इन्हें फांसी दे दी गई |

**प्र.15. सन 1857 के पूर्व अंग्रेजों की सेना के भारतीय सिपाहियों में असंतोष क्यों था ? SST 816.817**

उत्तर - अंग्रेजों की सेना के भारतीय सिपाहियों में पर्याप्त असंतोष होने के मुख्य कारण -

1. सेना में उन्हें अधिक ऊँचा पद नहीं दिया जाता था |

2. अंग्रेज सैनिकों की तुलना में भारतीय सैनिक का वेतन कम था |
3. भारतीय सैनिकों के तिलक लगाना, दाढ़ी रखना, पगड़ी बांधना, जैसे पारम्परिक धार्मिक कार्यो पर प्रतिबन्ध था |
4. 1857 में आये नए कारतूसों को खोलने हेतु दांत का प्रयोग किया जाता था और सैनिकों को यह आशंका थी की इसमें गाय की चर्बी या सूअर की चर्बी मिली हुई है |

**प्र.16. 1857 का भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम असफल होने के कारण लिखिये ?** **SST 816.817**

उत्तर- 1857 के विद्रोह के पूर्व अंग्रेजों की नीतियों से पुराने शासक एवं जनता त्रस्त थी डलहौजी की विलय नीति के प्रति बड़ा असंतोष था | इनमें झाँसी, पूना, अवध प्रमुख राज्य थ। 1857 के विद्रोह के प्रमुख कारण-

अ. अंग्रेजों नेझाँसी के मृत राजा के दत्तक पुत्र को उत्तराधिकारी नहीं माना और 1853 में झाँसी पर कब्ज़ा कर लिया |

ब. 1851 पेशवा बाजीराव की मृत्यु हो गयी | इसके बाद उनके दत्तक पुत्र नाना साहेब पेशवा को मिलने वाली पेंशन अंग्रेजों ने बंद कर दी |

स. अवध के नवाब वाजिद अली शाह पर कुशासन का आरोप लगाकर उनसे राज्य को छीन लिया गया |

द. अंग्रेजों की लगान व्यवस्था से जमीदारों और भू स्वामिनों की शक्ति समाप्त हो गई थी,जिससे उनमें पर्याप्त असंतोष उत्पन्न हो गया था |

## अध्याय 5

## भारतीय समाज में नए विचार

**सही विकल्प चुनिए -**

1. भारत में राष्ट्रवाद का उदय हुआ -

अ. अंगेजों की पक्षपात पूर्ण आर्थिक नीति के कारण |

ब. भारतीयों के शोषण के कारण |

स. जातीय भेदभाव के कारण |

द. उपरोक्त सभी |

उत्तर- द. उपरोक्त सभी |

2. ब्रिटिश एसोसिएशन ,मद्रास एसोसिएशन ,बॉम्बे एसोसिएशन की मुख्य मांगे थी -

अ. सरकार में भारतीयों की भागीदारी |

ब. करोंमें कमी |

स. समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना |

द. उपरोक्त सभी |

उत्तर- द. उपरोक्त सभी |

3. 28 दिसम्बर 1885 को आयोजितअखिल भारतीय सम्मेलन हुआ था-

अ. बम्बई में ब. कलकत्ता में

स. मद्रास में द. दिल्ली में

उत्तर-अ. बम्बई में

4. लोक मान्य तिलक का नारा था -

अ. तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा |

ब. स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है |

स. करो या मरो |

द. जय जवान जय किसान |

उत्तर-ब. स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है |

5. सन 1947 का भारतीय स्वाधीनता अधिनियम पारित किया गया -

अ. दिल्ली की संसद में

ब. इंग्लैंड की संसद में

स. कलकत्ता अधिवेशन में

द. गोलमेज सम्मलेन में

उत्तर-ब. इंग्लैंड की संसद में

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -**

6. सती प्रथा को बंद करवाने वाले समाज सुधारक राजा ...................... थे |

उत्तर- राम मोहन रॉय

7. गुरुघासीदास का जन्म बलौदा बाज़ार जिले के ...................... में हुआ था |

उत्तर-गिरौदपुरी

**8. उचित जोड़ी बनाइये -**

| | |
|---|---|
| अ. राजा राम मोहन रॉय | - ब्रह्म समाज |
| ब. दयानंद सरस्वती | - आर्य समाज |
| स. सर सैयद अहमद खां | - अलीगढ आन्दोलन |
| द. महादेव गोविन्द रानाडे | - प्रार्थना सभा |
| ड. ज्योतिबा फुले | - सत्यशोधक समाज |

**प्र.9. गुरु घासीदास जयंती कब मनाई जाती है ?** **SST 832**

उत्तर - गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसम्बर 1756 को बलौदा बाज़ार जिले के गिरौदपुरी गाँव में हुआ था| हर वर्ष 18 दिसम्बर को पूरेछत्तीसगढ़ में उनकी जयंती मनाई जाती है |

**प्र.10. सती प्रथा कब और किस गवर्नर जनरल ने बंद करवाया था ?** **SST 819**

उत्तर - लार्ड विलियम बैटिंक ने 1829में राजा राम मोहन रॉय की अनुशंसा पर सती प्रथा निषेध कानून पास किया| वर्तमान में बाल विवाह, सती प्रथा, दहेज़ प्रथा पर दंडात्मक कानून लागू है |

**प्र.11. विधवा - पुनर्विवाह कानून कब और किसके नेतृत्व में लागू हुआ था ?** **SST 819**

उत्तर- सन 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून लागू हुआ यह एक सामूहिक आन्दोलन था इसका प्रारंभ दयानंद सरस्वती ने किया और इसे इश्वरचंद विद्या सागर ने बंगाल में, पंडित विष्णु शास्त्री महाराष्ट्र में, विरेशलिंगम ने आन्ध्रप्रदेश में, गोपाल भंडारकर, महादेव गोविन्द रानाडे ने भी अपना समर्थन दिया था |

**प्र.12. नव-जागरण क्या है ? व्याख्या कीजिये |** **SST 817**

उत्तर- अंग्रेजों के शासन के दौरान अंग्रेजी शिक्षा प्रारंभ हुई | इसके माध्यम से भारतीयों को भी पश्चिमी देशों की तरह “स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, लोकतंत्र, तार्किकता तथा वैज्ञानिकता” जैसे आधुनिक विचारो का परिचय मिला| यह विचार पश्चिमी आधुनिक सभ्यता के आधार थे इन्हीं विचारों को नवजागरण कहा जाता है इन्हीं विचारों के कारण भारतीयों में सामाजिक चेतना और राष्ट्रवाद को बल प्रदान किया|

**प्र.13. जाति प्रथा के विरोध में ज्योतिबा फूले के योगदान को बताइये ?** **SST 817,829**

उत्तर- माली जाति में जन्म लेने वाले ज्योतिबा फूले ने निम्न जाति के उद्धार के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया अपने प्रयासों में तेजी लाने के लिए 1873 में सत्य शोधक समाज की स्थापना की इस संस्था का मुख्य कार्य निम्न जाति के लोगों को समानता का अधिकार दिलाना था, इसने प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य एवं निःशुल्क करने तथा निम्न जाति के पुरुष एवं महिला शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने की मांग की |

**प्र.14. छत्तीसगढ़ में पंडित सुन्दरलाल शर्मा के समाज सुधारक योगदान की व्याख्या कीजिए ?** **SST 832**

उत्तर- छत्तीसगढ़ में भी निम्न जातियों के उध्दार के लिए पंडित सुन्दरलाल शर्मा ने अनेक प्रयास किये, उन्होंने विभिन्न लेखों द्वारा जाति प्रथा के विरुद्ध जनजागरण लाने का प्रयास किया, उन्होंने सभी जातियों के लोगों को जनेऊ धारण करवाया तथा राजिम के राजीव लोचन मंदिर में प्रवेश दिलवाया |

**टिप्पणी लिखिए -**

**प्र.15. भीमराव अम्बेडकर -** **SST 829**

महाराष्ट्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कठिन परिश्रम से इंग्लैण्ड में कानून की उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत लौटने पर स्वयं को निम्न जाति के उद्धार के लिए समर्पित कर दिया| भारत के संविधान निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान था | वे संविधान सभा के अध्यक्ष भी थे|

**प्र.16. पंडिता रमा बाई सरस्वती -** **SST 819**

राजा राम मोहन रॉय, ईश्वर चंद विद्यासागर आदि कई लोग इनसे प्रभावित थे, इन्होंनेही उन्हें पंडिता व सरस्वती की उपाधि दी थी | पंडिता रमा बाई सरस्वती ने विधवा महिलाओं को शिक्षित करने के लिए "शारदा सदन" नामक आश्रम व स्कूल खोले।इन्होंने 19 वीं सदी में नारी सुधार क्षेत्र में अनेक प्रयास किये |

**SST 819**

**17. देश के प्रमुख समाज सुधारकों के नाम बताइए |**

**उत्तर-** राजा राम मोहन रॉय, दयानंद सरस्वती, ज्योतिबा फूले, सावित्रीबाई फूले, गणेश गोपाल आगरकर, केशव चन्द्र सेन, ईश्वर चंद विद्यासागर, महादेव गोविन्द रानाडे, विरेशलिंगम, पंडित सुन्दरलाल शर्मा, पंडिता रमा बाई सरस्वती, डॉ. भीमराव आंबेडकर, सर सैयद अहमद खां |

# अध्याय 6

# भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन

**सही विकल्प चुनो -**

1. भारत में राष्ट्रवाद का उदय हुआ -

   अ. अंग्रेजों के पक्षपात पूर्ण आर्थिक नीति के कारण

   ब. भारतीयों के शोषण के कारण

   स. जातीय भेदभाव के कारण

   द. उपरोक्त सभी

उत्तर- द. उपरोक्त सभी

2. लोकमान्य तिलक का नारा था -

   अ. तूम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा

   ब. करो या मरो

   स. स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है

   द. जय जवान जय किसान

उत्तर- स. स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है

3. छत्तीसगढ़ मित्र नामक समाचार पत्र के संपादक थे-

   अ. बालगंगाधर तिलक ब. वामन राव लाखे

   स. पंडित माधव राव सप्रे द. गोपाल कृष्ण गोखले

उत्तर- स. पंडित माधव राव सप्रे

4. होमरुल आन्दोलन प्रारंभ हुआ -

   अ. श्रीमती एनीबेसेंट ब. बाल गंगाधर तिलक

   स. गाँधी जी द. लाला लाजपतराय

उत्तर- अ. श्रीमती एनीबेसेंट

5. नमक सत्याग्रह का उद्देश्य था -

अ. ब्रिटिश सरकार के सभी अत्याचारों एवं अन्यायपूर्ण कानूनों की अवहेलना करना

ब. क्रांतिकारियों को पकड़ना

स. मुस्लिम लीग की मांगों को न मानना

द. जगह-जगह सम्मेलन करना

उत्तर- अ. ब्रिटिश सरकार के सभी अत्याचारों एवं अन्यायपूर्ण कानूनों की अवहेलना करना

**6. जोड़ी बनाइए -**

| क | ख | ग ( उत्तर ) |
|---|---|---|
| अ. 1916 | - मुस्लिम लीग की स्थापना | सर्वदलीय बैठक का आयोजन |
| ब. 1911 | - बंगाल का विभाजन | दिल्ली राजधानी बनी |
| स. 1907 | - सर्वदलीय बैठक का आयोजन | सूरत अधिवेशन |
| द. 1906 | - दिल्ली राजधानी बनी | मुस्लिम लीग की स्थापना |
| ड. 1905 | - सूरत अधिवेशन | बंगाल का विभाजन |

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करो-**

7. इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में मुठभेड़ के दौरान चन्द्रशेखर आजाद शहीद हो गये थे |

8. क्रांतिकारियों ने काकोरी में रेल गाड़ी रोककर सरकारी खजाना लूटा था |

9. 6 अप्रैल 1930 को गाँधी जी ने दांडी पहुँचकर नमक कानून को भंग किया |

10. खां अब्दुल गफ्फार खां ने 'खुदा - ई- खिदमदगार' नमक संगठन बनाया था |

11. इन प्रश्नों के उत्तर में केवल नाम लिखिये-

1. बंगाल विभाजन किया

उत्तर - लार्ड कर्ज़न

2. नरम विचारधारा के प्रमुख नेता

उत्तर- सुरेन्द्र नाथ बैनर्जी, गोपाल कृष्ण गोखले, फ़िरोज़ शाह मेहता |

3. छत्तीसगढ़ में खादी आश्रम बनया

उत्तर- पंडित सुन्दरलाल शर्मा, नारायण राव मेघावाले |

4. कवि समाज संगठन कहाँ बना

उत्तर- राजिम (छत्तीसगढ़)

5. ग़दर पार्टी के संस्थापक थे

उत्तर- लाला हरदयाल |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -**

**12. राष्ट्रवाद क्या है ? राष्ट्रवाद के उदय के कारण बताइए |** **SST 825**

उत्तर - राष्ट्रीय एकता की भावना, देशप्रेम, सांस्कृतिक तथा एतिहासिक परम्पराओं पर अभिमान की भावना को सामूहिक रूप से राष्ट्रवाद कहा जाता है | अचानक राष्ट्रवाद में वृद्धि के निम्न कारण थे-

1. लोगों में जातीय घृणा, सामाजिक कुरुतियों एवं असमानता को दूर करने हेतु प्रयास |

2. समूचे देश का राजनीतिक रूप से एकीकरण हुआ |

3. डाक एवं संचार व्यवस्था का प्रारंभ |

4. अंग्रेजी भाषा का प्रचार-प्रसार करना |

5. अंग्रेजों की पक्षपात पूर्ण आर्थिक नीति और शोषण के कारण भी देश में राष्ट्रवाद का उदय हुआ |

**13. अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई ? इस संगठन के मुख्य उद्देश्य क्या थे ?** **SST 822,824**

उत्तर- 28 दिसम्बर 1885 को बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत पाठशाला में देश के विभिन्न भागों से 72 प्रतिनिधि इस अधिवेशन में सम्मिलित हुए | इसी अधिवेशन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई थी |

इस संगठन के मुख्य उद्देश्य -

1. भारत के विभिन्न भागों में रहने वाले लोगों को संगठित करना |

2. धर्म-जाति के भेद से परे एकता की भावना उत्पन्न करना |

3. एक दूसरे की समस्याओं को जानना |

4. राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक उपायों पर विचार-विमर्श करना |

5. स्वतंत्रता, समानता तथा स्वराज्य में आस्था व्यक्त करना |

**प्र. 14. बंगाल प्रान्त का विभाजन क्यों किया गया ?** **SST 832**

उत्तर- क्षेत्रफल की दृष्टि से बंगाल भारत का बड़ा प्रान्त था, इसमें बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा का भी समावेश था | अंग्रेजों ने इसे विभाजन को प्रशासनिक सुविधा बताया किन्तु उनका उद्देश्य राष्ट्रवाद की भावना को कमजोर करना था |

**प्र. 15. नरम दल और गरम दल में क्या अंतर था ? इसमें कौन-कौन से नेता शामिल थे ?** **SST 823**

उत्तर- 1907 में सूरत अधिवेशन में कांग्रेस दो भागों में विभक्त हो गयी - इनमे सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी, गोपालकृष्ण गोखले, फिरोजशाह मेहता मुख्य थे |

**अ. नरम दल-** नरम दल में कांग्रेस के वह नेता थे जो भारतीयों की मांगों पर न्यायोचित विचार करने के लिए ब्रिटिश सरकार को अनुनय- विनय करके मनाने का प्रयास करना चाहते थे |

**ब. गरम दल-** गरम दल के नेताओं का मत था कि सरकार से सिर्फ अनुनय-विनय से अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते | वह अंग्रेजों की सत्ता पूर्ण रूप से हटाना चाहते थे | इनमें मुख्य रूप से - लाल-बाल-पाल (लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चन्द्रपाल) के नाम से जाने जाते थे |

**प्र.16. जलियावाला बाग़ हत्याकांड क्यों हुआ, कब हुआ, और कहाँ हुआ था ? इस घटना की संपूर्ण भारत में क्या प्रतिक्रिया हुई ?** **SST 825**

**उत्तर-** रोलेक्ट एक्ट के विरोध में सत्यपाल और डॉ. सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारियों के विरोध में अमृतसर के जलियाँवाला बाग में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया था| 13 अप्रैल 1919 की इस सभा में काफी संख्या में लोग इकठ्ठा हुए | तभी अचानक ब्रिटिश जनरल डायर ने बिना चेतावनी दिए निहत्थी भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दिया | इसमें कई निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गई और हजारों लोग घायल हुए | वह बैसाखी त्यौहार का दिन था | जलियांवाला बाग़ एक राष्ट्रीय स्मारक है | इस जघन्य हत्याकांड के कारण संपूर्ण भारत में आक्रोश प्रगट करने के लिए सर्वत्र सभाएँ हुई |

**टिप्पणी कीजिये -**

**प्र.17. रोलेक्ट एक्ट -** **SST 829**

(काला कानून प्रस्ताव ) मार्च 1919 में भारत की ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में उभर रहे राष्ट्रीय आन्दोलन को कुचलने के लिए ,यह कानून सर सिडनी रोलेक्ट की अध्यक्षता पर बनाया गया था ,इसके अनुसार ब्रिटिश सरकार को बिना मुकदमा चलाये किसी को भी जेल में डालने का अधिकार प्राप्त हो गया था,इस कानून का पूरे भारत वर्ष में विरोध प्रारंभ हो गया था |

**18. खिलाफत आन्दोलन -** **SST 825**

तुर्की के सुल्तान विश्व के सभी मुसलमानों के धर्मगुरु थे |प्रथम विश्व युद्ध के बाद अंग्रेजों ने खलीफा (धर्मगुरु ) का पद समाप्त कर दिया ,इसे पुनः स्थापित करने हेतु भारतीय मुसलमानों ने आन्दोलन किया जिसे खिलाफत आन्दोलन कहते हैं |

**19. चौरा चौरी की घटना -** **SST 832**

5 फरवरी 1922 को उत्तर प्रदेश के चौरा चौरी में लोग जुलूस निकल कर प्रदर्शन कर रहे थे ,परन्तु अचानक प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल से वाद विवाद होने पश्चात उग्र भीड़ ने पुलिस चौकी को आग लगा दी जिससे कई सिपाही मारे गए | इस घटना से दुखी होकर गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन वापस ले लिया |

**20. जंगल सत्याग्रह -** **SST 822**

छत्तीसगढ़ में जंगल सत्याग्रह कार्यक्रम का सविनय अवज्ञा आन्दोलन में महवपूर्ण योगदान हैं,ब्रिटिश शासन ने जंगल के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था ,जबकि वनवासियों का जंगल पर पुश्तैनी अधिकार था |

**21. सत्याग्रह क्या है? गाँधी जी द्वारा समर्थित सत्याग्रहों को समझाओ ?** **SST 822,823**

उत्तर- सत्याग्रहआत्याचार एवंशोषण के विरुद्ध आन्दोलन का अहिंसात्मक तरीका है,सत्याग्रह का अर्थ है सत्य के लिए आग्रह |

गाँधी जी द्वारा समर्थित विभिन्न सत्याग्रह -

1. चंपारण सत्याग्रह - बिहार अंचल के चंपारण जिले में अंग्रेज़ जमींदारों द्वारा किसानों को नील की खेती करने के लिए विवश करते थे, अंग्रेजों ने नील,जूट,और अफीम की खेती को बढ़ावा देते थे ताकि इनसे अच्छा मुनाफा कमा सकें | अंग्रेजो के अत्याचार से किसानों को मुक्त करने के लिए अंग्रजों

नेचंपारण जाकर सत्याग्रह किया जिसके फलस्वरूप अंग्रेजों द्वारा नील की खेती कराने की प्रथा को रद्द कर दिया |

2. खेड़ा सत्याग्रह - गुजरात के खेड़ा जिले में अकाल पड़ा, प्लेग भी फैला फलस्वरूप लगान चुकाना किसानों के लिए असंभव भी हो गया | गाँधी जी के नेतृत्व में किसानो ने लगान बंदी के लिए आन्दोलन किया। सरकार को झुकना पड़ा और उसने लगान माफ़ कर दिया |

3. कंडेल सत्याग्रह- छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के कंडेल ग्राम का सत्याग्रह देश व्यापी हो गया था | यह पांच महीने तक चला था | अंग्रेज सरकार नहर से निकले जल पर नहर कर वसूलती थी यह कर धीरे - धीरे अधिक होता जा रहा था जिसके लिए ग्राम वासियों को कंडेल सत्याग्रह करना पड़ा इसका समर्थन गांधीजी ने भी किया था |

# अध्याय 7

## भारतीय गणतंत्र की स्थापना

**सही विकल्पों का चुनाव कीजिये-**

1. भारत में 1946 में अंतरिम सरकार किसके नतृत्व में आई थी-

अ. जवाहरलाल नेहरु　　ब. गाँधी जी

स. भीमराव अम्बेडकर　　द. राजेंद्र प्रसाद

उत्तर- अ. जवाहरलाल नेहरु

2. देशी रियासतों का विलय किया गया -

अ. जवाहरलाल नेहरु द्वारा

ब. वल्लभ भाई पटेल द्वारा

स. भीमराव अम्बेडकर द्वारा

द. गाँधी जी द्वारा

उत्तर- ब. वल्लभ भाई पटेल द्वारा

3. सीधी कार्यवाही दिवस किसके द्वारा घोषित किया गया था -

अ. अंग्रेजों द्वारा　　ब. कांग्रेसी नेताओं द्वारा

स. क्रन्तिकारी नेताओं द्वारा　　द. मुस्लिम लीग द्वारा

उत्तर- द. मुस्लिम लीग द्वारा

4. स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल थे-

अ. लार्ड माउंटबैटन　　ब. लार्ड वेवेल

स. राजेंद्र प्रसाद　　स. जवाहरलाल नेहरु

उत्तर- अ. लार्ड माउंटबैटन

5. पाकिस्तान के पृथक राष्ट्र में शामिल हुए थे-

अ. नेपाल, कश्मीर,जूनागढ़

ब. जूनागढ़, कश्मीर,हैदराबाद

स. पश्चिम पंजाब, पूर्वी बंगाल, सिंध

द. कश्मीर, पंजाब,नेपाल

उत्तर- स. पश्चिम पंजाब, पूर्वी बंगाल, सिंध

**6. सही जोड़ी बनाइये -**

अ. सीधी कार्यवाही दिवस - 16 अगस्त 1946

ब. स्वतंत्रता दिवस - 15 अगस्त 1947

स. गणतंत्र दिवस - 26 जनवरी 1950

द. संविधान के प्रारूप को अंतिम रूप - 26 नवम्बर 1949

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -**

7. भारत की स्वतंत्रता के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री......................... थे |

उत्तर- एटली

8. भारत के लौह पुरुष ......................... को कहा जाता है |

उत्तर- सरदार वल्लभ भाई पटेल

9. सीधी कार्यवाही दिवस के कारण ......................... हुए थे |

उत्तर- भारत में सांप्रदायिक दंगे

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -**

**10. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम क्या है ?** **SST 834,812**

उत्तर- माउंटबैटन योजना के आधार पर भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम इंग्लैंड की संसद द्वारा 18 जुलाई 1947 को पारित किया गया था, इसमें व्यवस्था थी कि 15 अगस्त 1947 को भारत एवं पाकिस्तान दो स्वतंत्र राष्ट्रों के रूप में होंगे | इसके बाद इंग्लैंड का दोनों पर कोई अधिपत्य नहीं रहेगा |

**11. माउंटबैटन योजना को समझाइये |** **SST 812**

उत्तर - अराजकता के वातावरण में मार्च 1947 में लार्ड माउंटबैटन नए वाइसराय बनकर भारत आये | उन्होंने दोनों सम्प्रदायों के प्रमुख नेताओं से बातचीत की इसके पश्चात भारत के विभाजन के प्रस्ताव की योजना प्रस्तुत की जिसे माउंटबैटन योजना कहते हैं |

**टिप्पणी लिखिए -**

**12. कैबिनेट मिशन -** **SST 812**

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात इंग्लैंड के प्रधानमंत्री एटली ने अपने कैबिनेट के तीन मंत्रियों को भारत में अंतरिम सरकार बनाने और भारत में संविधान गठित करने का प्रस्ताव लेकर भारत भेजा जिसे कैबिनेट मिशन कहा जाता है |

**13. भारतीय संविधान का निर्माण -** **SST 829**

संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा. भीम राव अम्बेडकर द्वारा स्वतंत्र भारत के नए संविधान के प्रारूप को 26 नवम्बर 1949 को अंतिम रूप प्रदान किया | यह संविधान 26 जनवरी 1950 को लागु हुआ, तब से यह दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है |

**14. मुस्लिम लीग की सीधी कार्यवाही -** **SST 832**

मुस्लिम लीग पाकिस्तान की मांग को प्रखर रूप से उठाने लगी थी और उन्होंने 16 अगस्त 1946 को सीधी कार्यवाही दिवस घोषित किया ,जिसके कारण बंगाल ,बिहार , बम्बई आदि स्थानों पर सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे |

**15. देशी रियासतों के विलय की व्याख्या कीजिये | किन रियासतों को भारत में विलय हेतु अधिक प्रयत्न करना पड़ा था और क्यों ?** **SST 829,830,832**

उत्तर- भारत की एकता एवं सुरक्षा के लिए देशी रियासतों का विलय आवश्यक था, देशी रियासतों के विलय का कार्य सरदार वल्लभ भाई पटेल को सौपा गया था | इनकी रणनीति एवं सुझबुझ के कारण 562 रियासतों में अधिकतर ने भारत में विलय स्वीकार्य कर लिया था इसी सूझबूझ के कारण इन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता था |

मुख्यतः तीन रियासतों को भारत में विलय के लिए अत्यधिक प्रयत्न करना पड़ा था-

1. जूनागढ़ - जूनागढ़ सौराष्ट्र की एक छोटी सी रियासत थी,जिसके नवाब पकिस्तान में शामिल होना चाहता थे ,परन्तु वहाँ की जनता भारत में विलय चाहती थी ,जनता के दबाव के कारण जूनागढ़ 1948 में भारत में विलीन हो गया |

2. कश्मीर - कश्मीर रियासत के महाराजा हरी सिंह ने स्वतंत्र रहने का निर्णय लिया था,परन्तु वहाँ के लोग शेख अब्दुल्ला के नतृत्व में भारत में विलय चाहते थे , पाकिस्तान की घुसपैठ के पश्चात महाराजा ने भारत में विलय के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए और भारतीय सेना की सहायता से घुसपैठियों को खदेड़ दिया गया |

3. हैदराबाद - हैदराबाद का निज़ाम स्वतंत्र रहना चाहता था, निज़ाम द्वारा वहाँके लोगोंपर अनेक अत्याचार किये जा रहे थे, क्योंकिवहाँकी जनता भारत में विलय केपक्ष में थी, निज़ाम के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्यवाही से हैदराबाद रियासत भारत में विलीन हो गई |

# अध्याय 8

## छत्तीसगढ़ अध्ययन

**सही विकल्प चुनो-**

1. विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला है-

| | |
|---|---|
| अ. सरगुजा में | ब. दंतेवाड़ा में |
| स. रायपुर में | द. बिलासपुर में |

उत्तर- अ. सरगुजा में

2. छत्तीसगढ़ के रामगिरी, सीता बेंगरा, भीमखोज स्थान संबंधित हैं-

| | |
|---|---|
| अ. रामायण महाभारत काल से | ब. आदि मानव काल से |
| स. शरभपुरिय काल से | द.महाजनपद काल से |

उत्तर- अ. रामायण महाभारत काल से

3. छत्तीसगढ़ का प्रयाग है -

| | |
|---|---|
| अ. सिरपुर | ब. राजिम |
| स. रतनपुर | द. डोंगरगढ़ |

उत्तर- ब. राजिम

4. तालागॉव प्रसिद्ध है -

| | |
|---|---|
| अ. गणेश मंदिर के लियें | ब. रूद्र शिव मंदिर के लिए |
| स. लक्ष्मण मंदिर के लिए | द. महामाया मंदिर के लिए |

उत्तर- ब. रूद्र शिव मंदिर के लिए

5. महाकवि कालिदास ने रचना की -

| | |
|---|---|
| अ. मेघदूत की | ब. महाभारत की |
| स. गीतांजली की | द. रामचरितमानस की |

उत्तर- अ. मेघदूत की

**6. सही जोड़ी का मिलान करो -**

अ. भोंसला शासक - बिम्बाजी

ब. क्रांतिकारी नेता - हनुमान सिंह

स. साहित्यकार - पंडित. गोपाल सिंह

द. समाज सुधारक - गुरु घासीदास

उत्तर-

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -**

7. राजकुमार ................................ ने रतनपुर से छत्तीसगढ़ का शासन चलाया था |

उत्तर- बिम्बाजी भोंसले

8. छत्तीसगढ़ में ................................ने दसवी सदी से सातवींसदी तक शासन किया था |

उत्तर- कलचुरी वंश

9. दुर्ग के पुलिस अधिकारी ................................ने वर्दी त्यागकर राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लिया था|

उत्तर- लखन लाल मिश्र

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-**

SST 811

**10. प्राचीन काल में छत्तीसगढ़ में कौन-कौन से क्षेत्र शामिल थे लिखिये ?**

उत्तर- भारत के हृदय में स्थित मध्यप्रदेश से लगा हुआ दक्षिण- पूर्व का भू- भाग छत्तीसगढ़ कहलाता है| प्राचीन काल में दक्षिण कोसल, महाकांतार, दण्डकारण्य, मैकाल, महाकोसल आदि नाम के क्षेत्र इसमें मिले हुए थे |

SST 811

**11. छत्तीसगढ़ में आदि मानव असभ्यता के प्रारंभिक प्रमाण हमें किन स्थानों पर प्राप्त होते है ?**

उत्तर- आदि मानव सभ्यता के प्रारंभिक प्रमाण हमें रायगढ़ के पास सिंघनपुर, काबरा पहाड़, दुर्ग क्षेत्र का चिंताडोंगरी में मिले शैल चित्र, बालोद धमतरी मार्ग पर सोरर, मुजगहन, करकाभाट, के अतिरिक्त बसना, सरईपाली के पास बरलियागाँव में शव स्थल पाषाण स्तम्भ के रूप में मिलते हैं |

**12. रायपुर षड़यंत्र केस क्या है ? व्याख्या कीजिये |** **SST 824**

उत्तर- भरता छोड़ो आंदोलन के पहले छत्तीसगढ़ के युवाओं के एक दल ने सशस्त्र क्रांति का प्रयास किया था, यह घटना रायपुर षड़यंत्र केस या सुरबंधु केस के रूप में जाना जाता है | इसमें मुख्यतः परसराम सोनी, पंडित देविकांत झा, सुधीर मुखर्जी आदि युवकों ने भाग लिया था |

**SST 815**

**13. छत्तीसगढ़ के समाज में किन पंथों की विचारधाराओं का प्रभाव पड़ा तथा इसके प्रवर्तक कौन थे ?**

उत्तर- छत्तीसगढ़ के समाज में कबीर पंथ एवं सतनाम पंथ की विचारधाराओं का व्यापक प्रभाव पड़ा, गुरु घासीदास युग प्रवर्तक थे 19 वीं शताब्दी के प्रारंभिक वर्षो में इस अंचल में उन्होंने सामाजिक जागृति की थी |

**SST 822**

**14. छत्तीसगढ़ की साहित्यिक, संस्कृति अथवा राजनैतिक योगदान देने वाले महापुरुषों के नाम लिखिये- (कोई 10)**

उत्तर- छत्तीसगढ़ में राजनैतिक एवं साहित्यिक चेतना जगाने में, प्रमुख थे-

1. पंडित रविशंकर शुक्ल
2. वामन राव लाखे
3. नारायण राव मेघावाले
4. ठाकुर प्यारेलाल
5. खूबचंद बघेल

छत्तीसगढ़ के साहित्य साधकों में प्रमुख थे-

1. गोपाल मिश्र
2. माखन मिश्र
3. लोचन प्रसाद पाण्डेय
4. माधवराव सप्रे
5. सुन्दरलाल शर्मा

**15. हनुमान सिंह राजपूत को छत्तीसगढ़ का मंगल पाण्डेय क्यों कहा जाता है ?** **SST 822**

उत्तर- 18 जनवरी 1858 को रायपुर फौजी छावनी में हनुमान सिंह राजपूत के नेतृत्व में क्रांति हुई जिसमें एक अंग्रेज अधिकारी सिड्वेल मारा गया |

**16. छत्तीसगढ़ में राजनैतिक विकास किस प्रकार हुआ ?** **SST 832**

उत्तर- छत्तीसगढ़ में राजनैतिक विकास में पंडित सुन्दरलाल शर्मा, ठाकुर प्यारेलाल सिंह एवं खूबचंद बघेल ने समाज के पिछड़े वर्ग, निम्न वर्गों, किसानों तथा मजदूरों के हित में महत्वपूर्ण कार्य किया | महात्मा गाँधी ने भी इनके समाज सुधार के कार्यो की सराहना की थी और समाज में राजनैतिक एवं सामाजिक चेतना ज़गाने मेंयोगदान दिया था |

# अध्याय 1
# अब मीता जानती है

**सही उत्तर चुनकर लिखो -**

1. विश्व बाल शोषक मुक्ति दिवस कब मनाया जाता है ?

अ. 8 मार्च ब. 19 नवम्बर

स. 11 जुलाई द. 5 नवम्बर

उत्तर- ब. 19 नवम्बर

2. चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर कौन सा है ?

अ. 1098 ब. 108

स. 1008 द. 109

उत्तर-अ. 1098

3. यदि कोई आपके साथ आपत्तिजनक व्यवहार करे तो आप क्या नहीं करेंगे

अ. बड़ों से शिकायत ब. हेल्प लाइन नंबर का उपयोग

स. चुप-चाप रहना द. विरोध करना

उत्तर- स. चुप-चाप रहना

4. किसी के द्वारा आपत्तिजनक व्यवहार करने पर आपको किससे शिकायत करना चाहिये ?

अ. पास- पडोसी ब. माता-पिता या शिक्षक

स. दोस्तों से द. किसी से नहीं

उत्तर- ब. माता-पिता या शिक्षक

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**प्रश्न 1. विश्व बाल शोषण मुक्ति दिवस क्यों मनाया जाता है ?** **SST 832**

उत्तर -भारत सरकार द्वारा 2007 में कराए गये एक अध्ययन से पता चला है कि विभिन्न आयुवर्ग के बच्चे शोषण और दुर्व्यवहार का सबसे अधिक शिकार होतेहैं | यह एक वैश्विक समस्या है अतः 19 नवम्बर को विश्व बाल शोषण मुक्ति दिवस मनाया जाता है |

**प्रश्न 2. बाल शोषक के अंतर्गत किस तरह के शोषणों कोशामिल किया गया है ?** **SST 825**

उत्तर - बाल शोषण के अंतर्गत

1. शारीरिक शोषण 2. भावनात्मक शोषण 3. यौन शोषण शामिल हैं |

**प्रश्न 3. विश्व बाल शोषण मुक्ति दिवस मनाने का क्या उद्देश्य है ?** **SST 825**

उत्तर - विश्व बाल शोषण मुक्ति दिवस मनाने का उद्देश्य है कि-

1. लोगों को जागरूक एवं संवेदनशील बनाया जा सके |
2. बच्चों को सभी प्रकार के शोषण से मुक्त कराया जा सके |
3. बाल शोषण मुक्ति के लिए किये जा रहे उपायों की जानकारी जन समुदाय एवं बच्चों को हो सके|
4. बाल अधिकारों की जानकारी से सभी को अवगत कराया जा सके |

**प्रश्न 4. यदि कोई व्यक्ति आपत्तिजनक तरीके से आपको छूता है तो आप क्या करेंगे ?** **SST 825**

उत्तर- किसी व्यक्ति के द्वारा आपत्तिजनक तरीके से छूने पर -

1. विरोध करेंगे|
2. उस व्यक्ति की बड़ों (माता-पिता, शिक्षक)से शिकायत करेंगे |
3. हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करेंगे |
4. यथा संभव उनसे दूरी बनाकर रखेंगे |

**प्रश्न 5. आप किसी व्यक्ति द्वारा किये जा रहे व्यवहार को आपत्तिजनक कब कहेंगे ?** **SST 829**

उत्तर- आपत्तिजनक व्यवहार का अर्थ है - शरीर के प्राइवेट / खास अंगों ( छाती, जांघ, गाल आदि ) को छूना सहलाना या चुम्बन लेना आदि है |

**प्रश्न 6. किसी व्यक्ति के द्वारा आपत्तिजनक व्यवहार करने पर अपने बचाव के लिए क्या करना चाहि** **SST 829**

उत्तर- किसी व्यक्ति के द्वारा आपत्तिजनक व्यवहार करने पर बचाव सूत्र -"नहीं, हटाओ और दूर जाओ और बताओ"काप्रयोगकरनाचाहिए |

**प्रश्न 7. गुड टच (good touch) और बेड टच (bad touch) क्या है इसे आप कैसे पहचानेंगे |** **SST 829,830**

उत्तर- गुड टच good touch-

1. हमें उसके स्पर्श में स्नेह और अपनेपन का अनुभव हो|
2. माँ- पिताजी या बड़ों द्वारा |
3. नहलाते हुए शरीर की सफाई के लिए किया गया स्पर्श हो |
4. डॉक्टर द्वारा चेक अप करना |

बेड टच bad touch-

1. यदि कोई व्यक्ति इच्छा के बिना छुए |
2. शरीर के प्राइवेट या खास अंगों- छाती, जांघ, (आगे-पीछे, दोनों पैरों के बीच) को छुए |
3. शरीर को सहलाना, चुम्बन लेना या प्रयास करना जिसमें हमे स्नेह या अपनेपन का अनुभव न हो |

**प्रश्न 8. हमारे शरीर के खास अंग कौन से है जिनकी सुरक्षा का हमें विशेष ध्यान देना चाहिए ?** **SST 829**

उत्तर- हमारे शरीर के खास अंग या प्राइवेट अंग निम्नलिखित हैंजिनका हमें विशेष ध्यान रखना चाहिए- छाती, जांघ (आगे, पीछे, दोनों पैरों के बीच का स्थान ) |

**प्रश्न 9. आप अपने मोहल्ले में बाल शोषण मुक्ति दिवस पर जन जागरण के लिए क्या उपाय करेंगे** **SST 829,832**

उत्तर- बाल शोषण मुक्ति दिवस पर जनजागरूकता के लिए निम्नलिखित उपाय किये जा सकते हैं-

1. किसी विशेषज्ञ या काउंसलर या मनोचिकित्सक का व्याख्यान कराना |
2. विभिन्न प्रतियोगिताओं - चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, रंगोली आदि का आयोजन कराना |
3. फिल्म या डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन
4. किसी पीड़ित व्यक्ति का साक्षात्कार या आपबीती सुनाना
5. बालशोषण मुक्ति से बचाव हेतु कानूनों, अधिनियम, धाराओं बाल अधिकार आदि मुद्दों पर जानकारी देने के लिए किसी वकील, पुलिस मेन, जज आदि का व्याख्यान |

## अध्याय2

## हमारा संविधान

सही विकल्प चुनो-

1. जनरल डायर का नाम किस घटना से संबंधित है-

अ. चौरा-चौरी हत्याकांड	ब. असहयोग आन्दोलन

स. काल कोठरी की जासूसी	द. जलियावाला बाग़ हत्याकांड

उत्तर -द. जलियावाला बाग़ हत्याकांड

2. संविधान सभा का कार्य था-

अ. संविधान की रूप रेखा बनाना	ब. विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करना

स. विभिन्न नियमों का निर्माण करना	द. उपरोक्त सभी

उत्तर -द. उपरोक्त सभी

3. अवसर की समानता का आशय है-

अ. उद्योगपतियों को अधिक अवसर देना	ब. वृध्दों को पेंशन देना

स. सभी को समान अवसर देना	द. महिलाओ को नौकरी देना

उत्तर -स. सभी को समान अवसर देना

4. सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाना कार्य है-

अ. न्यायालय का	ब. कार्यपालिका का

स. पुलिस का	द. प्रधानमंत्री का

उत्तर -अ. न्यायालय का

5. कांग्रेस के किस अधिवेषण में दिसम्बर 1931 में पूर्ण स्वराज का संकल्प लिया था -

अ. सूरत अधिवेषण	ब. बम्बई अधिवेषण

स. लाहौर अधिवेषण द. लखनऊ अधिवेषण

उत्तर -स. लाहौर अधिवेषण

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -**

6. जलियावाला बाग़ ......................... में स्थित है |

उत्तर - अमृतसर

7. हमारे संविधान का प्रारूप ......................... को पूर्ण हो गया था |

उत्तर - 26 नवम्बर 1949

8. संविधान की उद्देशिका "हम भारत के लोग, भारत को एक, ................................................. गणराज्य बनाने हेतु तत्पर हैं |

उत्तर - संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक

9. संविधान सभा में देश के सभी भागों से ......................... सदस्य थे |

उत्तर - 299

10. संविधान के अनुसार ......................... को सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए नियुक्त किया गया है |

उत्तर - न्यायालयों

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**प्रश्न1. स्वतंत्रता के बाद हमें संविधान की आवश्यकता क्यों हुई ?** **SST 823**

उत्तर- संविधान नियमों का वह संकलन है जिसमें हमारे देश की व्यवस्था काआदर्श लिखित है इसलिए इसकी देश को नियमानुसार चलाने के लिए इसकी आवश्यकता है |

**प्रश्न2. संविधान सभा से आप क्या समझते हैं ? इसका गठन क्यों किया गया था ?** **SST 823**

उत्तर- संविधान सभा का कार्य था संविधान को इस प्रकार रचना कि भारत में रहने वाले लोगों को बिना भेदभाव के एक आदर्श नियमावली प्रदान की जा सके जिसका उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों के लोग आसानी से कर सकें | संविधान समिति के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद थे तथाइसमें 299 सदस्य थे |

**प्रश्न3. यदि संविधान नहीं होता तो क्या-क्या दिक्कतें होती ? विवेचना कीजिये |** **SST 823,824**

उत्तर- यदि संविधान की स्थापना नहीं की जाती तो निम्नलिखित दिक्कतों का सामना करना पड़ता -

1. शासन के स्वरुप जैसे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के कार्यो को परिभाषित नहीं किया जा सकता था|
2. विधानसभा एवं संसद के कार्यों को निर्धारित नहीं किया जा सकता था |
3. मंत्रियों के कार्य को भी निर्धारित नहीं किया जा सकता था |
4. संविधान को इस बात को ध्यान में रखकर भी बनाया गया कि शासन अपनी शक्तियों का गलत उपयोग न कर पाए |

**प्रश्न4. संविधान की उद्देशिका में दिए गये शब्द "समता" से आप क्या समझते हैं ?** **SST 823,824**

उत्तर- समता का अधिकार वैश्विक मानवाधिकार के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र के अनुसार विश्व के सभी लोग विधि के समक्ष समान है अर्थात समता का अर्थ बराबरी, तुल्यता और संतुलन स्थापित करना होता है, ऐसी स्थिति जिसमें कोई अंग या पक्ष या लोग अनुपयुक्त या कमतर न हो |

**प्रश्न5. यदि समाज में कोई नियम या कानून न हो तो क्या होगा ?** **SST 832,815**

उत्तर- समाज में नियमों का होना अति आवश्यक है यदि समाज में कोई नियम या कानून न हो तो -

1. सामाजिक व्यवस्थाएँ नहीं रहने से अराजकता बढ़ेगी |
2. लोग निरंकुश हो जायेंगे |
3. निर्बलों पर अत्याचार होंगे |
4. लोग पशुवत व्यवहार करेंगे |
5. सामाजिक अत्याचार बढ़ेंगे, जो शक्तिशाली होगा वह और अधिक शक्तिशाली हो जायेगा |

# अध्याय - 3 मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य

**सत्य एवं असत्य कथन बताइए-**

1. किसी विशेष धर्म एवं जाति के लोगों को ही नौकरी मिलती है |

उत्तर -असत्य कथन

2. देश के किसी भी क्षेत्र में व्यक्ति निवास कर सकता है |

उत्तर -सत्य कथन

3. सार्वजनिक स्थलों का उपयोग हम समान रूप से कर सकते हैं |

उत्तर -सत्य कथन

4. समूह के अधिकारों का उल्लंघन होने पर जनहित याचिका दायर की जा सकती है |

उत्तर -सत्य कथन

**सही विकल्प का चुनाव कीजिये -**

5. इनमें से मौलिक अधिकार कौन-से नहीं है -

अ. स्वतंत्रता का अधिकार
ब. समानता का अधिकार
स. प्रत्येक नागरिक का सम्मान करना
द. शोषण के विरुद्ध अधिकार

उत्तर -स. प्रत्येक नागरिक का सम्मान करना

6. संविधान में यह उल्लेख है कि -

अ.14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को किसी कारखाने या खदान में कार्य नहीं करवाया जा सकता है |

ब. 18वर्ष के कम उम्र के बच्चों को किसी कारखाने या खदान में कार्य नहीं करवाया जा सकता है |

स. 10 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को किसी कारखाने या खदान में कार्य नहीं करवाया जा सकता है |

द. 12 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को किसी कारखाने या खदान में कार्य नहीं करवाया जा सकता है |

उत्तर -अ. 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को किसी कारखाने या खदान में कार्य नहीं करवाया जा सकता है |

7. नागरिकों के मूल कर्तव्य नहीं है -

अ. सभी धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों का आदर करना |

ब. देश की संस्कृति और धरोहर की रक्षा करना |

स. वैज्ञानिक मानसिकता व् मानवता का विकास करना |

द.नागरिकों के स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त करना |

उत्तर -द. नागरिकों के स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त करना |

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित उदाहरणों को पढ़कर बताइए कि मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है-** **SST 825**

1. यदि किसी कारखाने में 12 वर्ष के बच्चों से कार्य कराया जाता है -

उत्तर- शोषण के विरूद्ध अधिकार |

2. बिना कारण किसी को गिरफ्तार करना और हथकड़ी में बांधकर ले जाना - **SST 824**

उत्तर- स्वतंत्रता का अधिकार |

3. एक जैसे कार्य के लिये महिला श्रमिक को पुरुष श्रमिक से कम मजदूरी दिया जाना - **SST 824**

उत्तर- समानता का अधिकार |

4. शांतिपूर्वक जुलूस निकालने से रोकना - **SST 824**

उत्तर- स्वतंत्रता का अधिकार |

**प्रश्न 2. किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन होने पर उसे क्या करना चाहिये ?** **SST 824**

उत्तर- किसी व्यक्ति या व्यक्तियों, संगठनों आदि के मौलिक अधिकारों की रक्षा हेतु न्यायालय (जिला एवं सत्र न्यायालय, उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय) में याचिका दायर की जा सकती है |

**प्रश्न 3. मौलिक कर्तव्य से आप क्या समझते हैं?** **SST 824,825**

उत्तर- जिस प्रकार हमारे मौलिक अधिकार है वैसे ही हमारे मौलिक कर्तव्य भी है, हमारे आस-पास रहने वाले लोगों के प्रति हमारी जिम्मेदारियाँहैंकि अधिकारों को पाने के लिए हमें कुछ कर्तव्य निभाने पड़ते हैं | संविधान में इसे ही मौलिक कर्तव्य कहागया है |

**प्रश्न 4. मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों में क्या अंतर है ?** **SST 824,825**

**उत्तर-**

| **मौलिक अधिकार** | **मौलिक कर्त्तव्य** |
|---|---|
| 1. मौलिक अधिकार अनिवार्य रूप से देश के सभी नागरिकों को प्राप्त है \| | 1. मौलिक कर्तव्य ऐक्छिक है जिसे व्यक्ति अपने इच्छा के अनुसार पालन कर सकते है \| |
| 2. मौलिक अधिकारों के हनन होने पर नागरिक न्यायालयों में याचिका दायर कर सकते हैं \| | 2. मौलिक कर्तव्य के हनन होने पर कोई दंडात्मक कार्यवाही की व्यवस्था नहीं है \| |
| 3. मौलिक अधिकार संविधान में प्रदत्त नियम है \| | 3. किसी देश को आदर्श बनाने हेतु मौलिक कर्तव्य आवश्यक है \| |

**प्रश्न 5. भारतीय संविधान में निहित किन्ही पाँच मौलिक कर्तव्यों को लिखिए ?** **SST 825**

उत्तर - संविधान में निहित मौलिक कर्त्तव्य -

अ. संविधान के नियमों का पालन करना एवं राष्ट्रगान और राष्ट्रध्वज का आदर करना हमारा कर्त्तव्य है|

ब. देश की संस्कृति और धरोहरों की रक्षा करना |

स. पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है इसके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है|

द. देश की रक्षा करना और राष्ट्र की सेवा करना हमारा कर्त्तव्य है |

ड. वैज्ञानिक मानसिकता एवं मानवता का विकास करना |

**प्रश्न 6. मौलिक अधिकारों से आप क्या समझते हैं ? व्याख्या कीजिये |** **SST 824,825**

उत्तर- हमारे संविधान में नागरिकों को कुछ अधिकार दिए हुए है ,इन्हें मौलिक अधिकारों के रूप में जाना जाता है जो इस प्रकार है -

**स्वतंत्रता का अधिकार -** हमारे संविधान में व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार प्रदान किया गया है | किसी भी व्यक्ति को अपनी इच्छा के अनुसार देश में कहीं भी आने-जाने एवं निवास करने का अधिकार है |

**समानता का अधिकार-** इस अधिकार का अर्थ है किदेश के कानून के सामने सभी नागरिक समान है संविधान में छुआ-छूत को कानूनी रूप से अपराध घोषित किया गया है |

**शोषण के विरूद्ध अधिकार-** शोषण का अर्थ होता है किसी व्यक्ति के मेहनत की और उसकी मज़बूरी का गलत फायदा उठाना और उसकी उचित मजदूरी न देना, यह भी मौलिक अधिकारों के हनन के अंतगर्त आता है |

**धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार-**भारत में अनेक धर्मों के लोग निवास करते हैं इन सभी लोगों को अपनी पसंद से धर्म मानने और उनके रीति-रिवाजों का पालन करने की स्वतंत्रता दी गयी है कोई भी व्यक्ति अपने धर्म का प्रचार-प्रसार कर सकता है |

**शिक्षा एवं संस्कृति का अधिकार-** भारत में विभिन्न भाषाएँ बोलने वाले एवं धर्म मानने वाले लोग रहते हैं, जिनकी अपनी-अपनी संस्कृति होती है | हमारा संविधान सभी को उनकी संस्कृति, भाषा और लिपि को संरक्षित करने का अधिकार प्रदान करता है |

**संवैधानिक उपचारों का अधिकार-** इस अधिकार के अंतर्गत हमारे अन्य अधिकारों की रक्षा होती है | यदि व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों का हनन होता है तो उन्हें न्यायालयों में जाने का अधिकार प्राप्त है|

# अध्याय 4 केंद्र की सरकार

सही विकल्प चुनो -

1. छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कितने हैं- **SST 827**

अ. 10 ब. 11

स. 14 द. 90

उत्तर - ब. 11

2. राष्ट्रपति भवन और संसद भवन कहाँ हैं- **SST 827**

अ. नई दिल्ली ब. मुंबई

स. कलकत्ता द. बंगलुरु

उत्तर - अ. नई दिल्ली

3. छत्तीसगढ़ राज्य की विधानसभा कहाँ है - **SST 827**

अ. दुर्ग ब. रायपुर

स. बिलासपुर द. भिलाई

उत्तर - ब. रायपुर

4. हमारे देश के वर्तमान राष्ट्रपति कौन है -

अ. प्रणब मुखर्जी ब. अमित शाह

स. नरेन्द्र मोदी द. रामनाथ कोविंद

उत्तर - द. रामनाथ कोविंद

5. राज्यसभा संसद सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षो का होता है -

अ. 5 वर्ष ब. 7 वर्ष

स. 6 वर्ष द. 10 वर्ष

उत्तर - स. 6 वर्ष

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -**

6. भारत की तीनों सेनाओं का सर्वोच्च ...................... होता है |

उत्तर - राष्ट्रपति

7. देश के लिए कानून भारत की ...................... द्वारा बनाये जाते हैं |

उत्तर - संसद

8. ..................... की सलाह पर ..................... मंत्री परिषद् में अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करते हैं |

उत्तर - प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति

9. संसद में जो कानून बनता है उसे लागू करने की जवाबदारी ..................... की होती है |

उत्तर - कार्यपालिका

10. केंद्र सरकार पूरे देश के कई मामलों जैसे ..................................... आदि की देख-रेख करती है |

उत्तर - रक्षा, डाकघर, रेलसेवा

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -**

**प्रश्न1. केंद्र सरकार किसे कहते हैं ?** **SST 829**

उत्तर- हमारे देश में राज्य सरकार के अलावा एक और सरकार है, जो देश के कई मामलों जैसे रक्षा, डाकघर, बैंक,रेलसेवा आदि की देख - रेख करती है और देश के कई विषय पर कानून बनती है | इसे केंद्र की सरकार सरकार कहते हैं |

**SST 827**

**प्रश्न2. देश की संसद से आप क्या समझते हैं ?**

उत्तर -देश के लिए कानून बनाने का कार्य लोकसभा और राज्यसभा करती है जिसमें राष्ट्रपति हस्ताक्षर होना अनिवार्य होता है,राष्ट्रपति तथा दोनों सदनों(लोकसभा और राज्यसभा) को मिलाकर संसद कहते हैं|

**प्रश्न3. केंद्र सरकार के सभी अंगो के नाम बताइए |** **SST 827**

उत्तर - केंद्र सरकार के अंग -

1. संसद -लोकसभा, राज्यसभा एवं राष्ट्रपति की सहमती से कानून बनाये जाते हैं |
2. कार्यपालिका -संसद द्वारा कानूनों को लागू करने का काम कार्यपालिका का है, जिनके प्रमुख राष्ट्रपति हैं|

**प्रश्न4. राष्ट्रपति की महत्वऽपूर्ण शक्तियों का उल्लेख कीजिये |** **SST 827,828**

उत्तर- भारत का राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक होता है तथा इन्हें संविधान द्वारा कुछ महत्वपूर्ण शक्तिया प्रदान की गई हैंजो निम्न हैं-

अ. राज्यों के राज्यपालों, महाधिवक्ता, मुख्यचुनावआयुक्त, उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश, संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष आदि की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है |

ब. राष्ट्रपति भारत की तीनों सेनाओं का प्रमुख होता है|

स. राष्ट्रपति के पास किसी को भी क्षमा करने का अधिकार प्राप्त है |

द. राष्ट्रपति दूसरे देशों के साथ युद्ध की घोषणा तथा संधियों और समझौते कर सकता है |

ड. राष्ट्रपति के पास देश के अन्दर आपातकाल लागू करने की भी शक्ति होती है |

**प्रश्न5. उच्चतम न्यायालय के अधिकार एवं शक्तियों को समझाइये |** **SST 827,828**

उत्तर- यह देश का सबसे बड़ा न्यायालय हैं,जो दिल्ली में स्थित है, इसे सर्वोच्च न्यायालय भी कहा जाता है |

उच्चतम न्यायालय की शक्तियां इस प्रकार हैं-

1. प्रारंभिक अधिकार क्षेत्र -प्रारंभिक अधिकार क्षेत्र के अन्दर -

अ. ऐसे मुकदमें जो राज्य और केंद्र सरकार के बीच हो |

ब. ऐसे मुकदमें जो दो या दो से अधिक राज्यों के बीच हो |

स. ऐसे मुकदमें जो किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों के हनन से संबंधित हो |

2. अपीलीय अधिकार - इसके अंतर्गत संवैधानिक, दीवानी, फौजदारी मामलों में उच्च न्यायालयों के निर्णयों के विरुद्ध अपील सुन सकता है |

3. परामर्श क्षेत्राधिकार - उच्चतम न्यायालय नागरिकों के मूल अधिकारों का संरक्षक है | यह संसद द्वारा पारित अधिनियमों का पुनरावलोकन कर सकता है,संविधान के प्रावधानों के विरुद्ध होने पर उन कानूनों को अवैध घोषित कर सकता है |

**प्रश्न6. प्रधानमंत्री की नियुक्ति और मंत्री मंडल का गठन कैसे होता है? समझाइये |** **SST 828**

उत्तर- लोकसभा में बहुमत दल के नेता अर्थात जिस दल या दलों को मिलाकर आधे से अधिक सदस्यों का समर्थन प्राप्त होता है, उसे राष्ट्रपति प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त करते हैं, प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति मंत्री परिषद् में अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करते हैं, इन्हीं मंत्रियों के समूह को मंत्री मंडल कहाजाता है, यह सभी मंत्री संसद के सदस्य होते हैं |

**SST 827**

**प्रश्न7. लोकसभा और राज्यसभा में अंतर समझाइये |**

उत्तर-

| लोकसभा | राज्यसभा |
|---|---|
| 1. लोकसभा सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किया जाता है \| | 1. राज्यसभा सदस्यों का चुनाव किसी राज्य के चुने हुए विधायकों द्वारा किया जाता है \| |
| 2. इसके सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है \| | 2. इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है \| |
| 3. इसे कभी भी भंग करने की शक्ति राष्ट्रपति के पास निहित है \| | 3. इसे कभी भंग नहीं किया जा सकता \| |
| 4. इसका अध्यक्ष चुने हुए सांसदों में से ही एक होता है \| | 4. इसका अध्यक्ष देश का उपराष्ट्रपति होता है \| |

# अध्याय - 5 कर (tax)

**सही विकल्प चुनो -**

प्रश्न1. सार्वजनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना किसकी जिम्मेदारी है - **SST 832**

अ. केंद्र सरकार ब. राज्य सरकार

स. स्थानीय प्रतिनिधि द. उपरोक्त सभी

उत्तर -द. उपरोक्त सभी

प्रश्न2. सार्वजनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु सरकार के पास धन प्राप्त करने का कौन सा तरीका होता है? **SST 826**

अ. लोगों का सहयोग ब. अशासकीय संस्थाओं के अनुदान

स. कर या टैक्स द. वस्तुओं का विक्रय

उत्तर -स. कर या टैक्स

प्रश्न3. सरकार द्वारा बनाया गया बजट क्या है - **SST 826**

अ. आय-व्यय का लेखा जोखा ब. धन प्राप्त करने का तरीका

स. सरकारी आमदनी द. सरकारी व्यय

उत्तर -अ. आय-व्यय का लेखा जोखा

प्रश्न4. उत्पादन कर क्या है ? **SST 830**

अ. आय पर लगाया गया कर

ब. संपत्ति पर लगाया गया कर

स. वस्तुओं के निर्माण पर लगाया गया कर

द. आवागमन के लिए कर

उत्तर -स. वस्तुओं के निर्माण पर लगाया गया कर

प्रश्न5. पैकेट वाले सामानों पर लिखा (M.R.P.) क्या है -

अ. न्यूनतम खुदरा मूल्य ब. अधिकतम खुदरा मूल्य

स. औसत खुदरा मूल्य द. कर रहित खुदरा मूल्य

उत्तर -ब. अधिकतम खुदरा मूल्य

**निम्न स्थानों की पूर्ति कीजिये -**

प्रश्न6. एक देश से दूसरे देश में वस्तुओं को लाने या ले जाने पर ........................ लगाया जाता है |

उत्तर -सीमा शुल्क

प्रश्न7. ........................ से होने वाली आय पर सरकार ने आयकर में छूट दे रखी है |

उत्तर -कृषि

प्रश्न8. आमदनी में होने वाले खर्चे को काटकर जो बचता है उसे उस संस्था का ........................ कहते हैं |

उत्तर -मुनाफा

प्रश्न9. गाँव या शहर के सभी व्यक्ति ........................ सुविधाओं का उपयोग का सकते हैं |

उत्तर -सार्वजनिक

प्रश्न10. यदि सायकल बनाने के लिए 2000 रु. खर्च किये गये जिस पर सरकार द्वारा 100 रु. उत्पादन शुल्क लगाया गया तो अब सायकल की कीमत ........................ रु. हो जाती है |

उत्तर -2100

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये-**

**प्रश्न11. कर कितने प्रकार के होते हैं समझाइये |** **SST 832**

उत्तर- कर के रूप में हम सभी लोग सरकार को कुछ न कुछ भुगतान करते हैं, जो तीन प्रकार के हो हैं-

1.आयकर 2. जमीन एवं संपत्ति कर 3. उत्पादन कर, बिक्री कर एवं सीमा शुल्क

**प्रश्न12. कर को लगाते समय किन बातों को ध्यान में रखा जाता है ?** **SST 832,830**

उत्तर- सरकार वस्तुओं पर कर निर्धारित करके आय प्राप्त करती है | किसी भी कर को लगाते समय दो बातों का ध्यान रखा जाता है -

अ. उस कर से कितनी आमदनी होगी |

ब. उस कर का असर किस पर होगा -अमीर पर या गरीब पर |

**प्रश्न13. सरकार द्वारा नागरिकों को उपलब्ध करायी जा रही सार्वजनिक सुविधाएँ क्या हैं ? उदहारण सहित लिखिए |** **SST 833,834**

उत्तर- सड़क हो या बिजली, पुल हो या रपटा, बाज़ार हो या खेल का मैदान, सरकारी स्कूल, सरकारी अस्पताल आदि किसी एक व्यक्ति के न होकर सार्वजनिक होते हैं अर्थात इनका उपयोग गाँव या शहर के सभी व्यक्ति कर सकते हैं | यह सभी सार्वजानिक सुविधाएँ कहलाती हैं |

**प्रश्न14. टिप्पणी लिखिए -** **SST 833,834**

**1. आयकर, 2. सीमा शुल्क**

**1.आयकर -** आयकर सरकार द्वारा व्यक्ति की आय (आमदनी) पर लगाया जाता है,सरकार देश के लोगों के जीवन-यापन के लिए एक निश्चित आर्थिक सीमा तय करती हैं |इस सीमा से अधिक आय प्राप्त करने वाले को आयकर देना पड़ता है |

**2. सीमा शुल्क -** कर के अलावा एक और प्रकार का शुल्क लगाया जाता है, जिसे सीमा शुल्क कहते हैं, यह शुल्क वस्तुओं के एक देश से दूसरे देश में लाने या ले जाने में लगाया जाता है | देश के हवाई अड्डे या बंदरगाहों पर यह शुल्क देना पड़ता है |

**प्रश्न15. बजट क्या होता है ? किसी देश के वित्तीय वर्ष के बजट से क्या समझते हो |** **SST 833**

उत्तर - सरकार को कर या टैक्स के रूप में आय (आमदनी) प्राप्त होती है | इन करो से प्राप्त धन को वह किन मदों पर खर्च करेगी यह तय किया जाता है, इस आय - व्यय के लेखा - जोखा को बजट कहते हैं | इस बजट में एक तरफ यह बताया जाता है कि किस - किस प्रकार से कर (tax) लगाने से सरकार को आमदनी होगी तथा दूसरी तरफ, प्राप्त धन को कहाँ कहाँ लगाया जाएगा | वित्तीय वर्ष का बजट अर्थात किसी देश की सरकार का एक वर्ष का बजट, भारत में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है, इस बिच सरकार द्वारा घोषित बजट को वित्तीय वर्ष का बजट कहतेहैं |

## अध्याय - 6 भारत में कृषि का विकास

**सही विकल्प का चुनाव कीजिये**

प्रश्न1. भारत सरकार ने सिंचाई और बिजली परियोजनाओं के लिए किस वर्ष अत्यधिक धन लगाया था-

अ. सन् 1975 से 1980 के बीच　　ब. सन् 1950 से 1966 के बीच

स. सन् 2000 से 2015 के बीच　　द. सन् 1925 से 1950 के बीच

उत्तर- ब. सन् 1950 से 1966 के बीच

प्रश्न2. सिंचाई और बिजली की पैदावार बढ़ाने के लिए नागार्जुन सागर बांध किस राज्य में है -

अ. आन्ध्रप्रदेश　　ब. पंजाब

स. पश्चिम बंगाल　　द. उड़ीसा

उत्तर- अ. आन्ध्रप्रदेश

प्रश्न3. भारत में सर्वप्रथम पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, और तमिलनाडु में किस नीति को लागू किया गया-

अ. आयात नीति　　ब. निर्यात नीति

स. हरित क्रांति　　द. उद्योग नीति

उत्तर- स. हरित क्रांति

प्रश्न4. भारत में कृषि नीति कब लागू की गयी-

अ. 1950　　ब. 1948

स. 1965　　द. 1966

उत्तर- द. 1966

प्रश्न5. गन्ना, कपास, मूंगफली, फल-फूल, सब्जियाँ, मशरूम, औषधि की खेती कहलाती है-

अ. मिश्रित फसल उत्पादन　　ब. व्यावसायिक फसल उत्पादन

स.सामान्य फसल उत्पादन　　द. अनाज उत्पादन

उत्तर- ब. व्यावसायिक फसल उत्पादन

प्रश्न6. वह कीमत जिस पर किसान सरकार को अपना अनाज बेच सकतेहैं, कहलाता है -

| | |
|---|---|
| अ. बाजार मूल्य | ब. खुदरा मूल्य |
| स. न्यूनतम समर्थन मूल्य | द. कृषि ऋण |

उत्तर- स. न्यूनतम समर्थन मूल्य

**निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

**प्रश्न7. हरित क्रांति को समझाइये ?** **SST 816**

उत्तर- सरकार ने अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए सन् 1966 में कृषि वैज्ञानिकों की सहायता से कृषि योजना बनाई, जिसे हरित क्रांति नाम दिया गया |

**प्रश्न8. सन् 1950 से 1966 के मध्य सरकार ने सिंचाई और बिजली की पैदावार बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए ?** **SST 816**

उत्तर- सन् 1950 से 1966 के मध्य सरकार ने सिंचाई और बिजली की पैदावार बढ़ाने के लिए पंजाब में भाखड़ा- नांगल, पश्चिम बंगाल में दामोदर घाटी, ओड़िसा में हीराकुंड तथा आन्ध्रप्रदेश में नागार्जुन सागर, मध्यप्रदेश में गांधीसागर एवं छत्तीसगढ़ में रविशंकर शुक्ल बाँध बनाये |

**प्रश्न9. जमींदारी प्रथा का अंत कब और क्यों हुआ ?** **SST 816,821**

उत्तर- भारत में खेती योग्य भूमि का अधिकांश हिस्सा जमींदारों के पास था वे किसानों से लगान वसूल किया करते थे और अत्याचार भी किया करते थे | अतः आजादी के तुरंत बाद भारत की नई सरकार ने जमींदारी प्रथा का अंत करने का निर्णय लिया |

**प्रश्न10 फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्नत बीज क्यों आवश्यक होते हैं ?** **SST 808,809**

उत्तर- फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्नत बीज आवश्यक हैं क्योंकि इन बीजों की विशेषता है की -

1. ये कम समय में पकते हैं|
2. फसल छोटे कद की होतीहैं|
3. अनाज की पैदावार अधिक होती है |

**प्रश्न11. सहकारी संस्थाओं की स्थापना क्यों की गयी ?** **SST 807,808**

उत्तर- उन्नत फसलों पर नुकसान पहुँचाने वाले कीटोंका आक्रमण सरलता से हो जाता है अतः कीटों को मारने के लिए दवाओं की भी आवश्यकता होती है | सही दाम पर उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक दवाओं आदि की पूर्ति के लिए सहकारी संस्थाओं की स्थापना की गयी |

**प्रश्न12. हरित क्रांति का क्या प्रभाव पड़ा ?** **SST 808,809**

उत्तर- हरित क्रांति के प्रमुख प्रभाव निम्नानुसार हैं-

1. अनाज की पैदावार में बढ़ोत्तरी |

2. सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया जिससे किसानों को लाभ हुआ |

3. अनाज खरीदने और उसके भण्डारण के लिए भारतीय खाद निगम का गठन किया गया |

4. कृषि उत्पादनों में वृध्दि |

5. पर्यावरण पर प्रभाव से असंतुलन |

**प्रश्न13. भारतीय खाद निगम का गठन क्यों किया गया ?** **SST 808**

उत्तर- हरित क्रांति के बाद देश में फसल उत्पादन में बढ़ोतरी हुई अतः भारत सरकार ने किसानों से अनाज खरीदने और उसका भण्डारण करने के लिए भारतीय खाद्य निगम का गठन किया | यह अनाज का भंडार रखता है और राशन दुकानों और अन्य सरकारी योजनाओं ( जैसे- मध्यान्ह भोजन तथा जवाहर रोजगार योजना ) को अनाज देता है |

**प्रश्न14. छत्तीसगढ़ के पठारी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में जल संरक्षण के क्या उपाय किये जाने चाहिए ?** **SST 807**

उत्तर- छत्तीसगढ़ के पठारी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कुएँ, नलकूप, लिफ्ट इरिगेशन (नदी, नालों से पानी को उठाकर खेत तक लाना) और छोटे तालाबों का उपयोग कर जल को सरंक्षित किया जा सकता है |

**प्रश्न15. हरित क्रांति से किसानों को क्या लाभ हुए ?** **SST 808**

उत्तर- हरित क्रांति से किसानों को निम्नानुसार लाभ हुए-

1. न्यूनतम समर्थन मूल्य के कारण बेहतरीन कीमत मिलने से उनकी आमदनी बढ़ी |

2. उन्हें खेती कार्यों के लिए बैंकों द्वारा कर्ज मिलने लगा जिससे वे उन्नत मशीनों का उपयोग करने लगे |

3. पानी, बिजली, खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता बढ़ने से वे एक से अधिक फसल लेने लगे|

4. किसान परम्परागत अनाज के साथ-साथ व्यावसायिक फसलों का भी उत्पादन करने लगे |

**प्रश्न16. हरित क्रांति से पर्यावरण किस प्रकार प्रभावित हुआ ?** **SST 807,808**

उत्तर- हरित क्रांति से पर्यावरण में कई तरह के असंतुलन पैदा हुए जिनमें से प्रमुख निम्नानुसार हैं-

1. उन्नत खेती के लिए अधिक सिंचाई आवश्यकताओं से पानी का अत्यधिक दोहन के कारण पानी की समस्या |

2. मिट्टी में रासायनिक खाद की मात्रा अधिक होने से मिट्टी के उपजाऊपन में कमी |

3. अत्यधिक कीटनाशकों के उपयोग से लाभदायक किट एवं सूक्ष्म जैविक तत्व के नष्ट होने से भूमि के पोषक तत्वों में कमी |

**प्रश्न17. रासायनिक खाद्य एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम लिखो** | **SST 808,809**

उत्तर- रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के अधिक उपयोग सेहोने वाले दुष्परिणाम -

1. मिट्टी के सूक्ष्म जैविक तत्व नष्ट हो जाते हैं |

2. मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं जिससे उपजाऊपन में कमी आ जाती है |

3. प्राकृतिक उपजाऊपन कम होने से अधिक जैविक खाद देनी पड़ती है | जिससे व्यय बढ़ता है |

4. किसानों को सिंचाई खर्च के साथ खाद का खर्च बढ़ जाता है | मिट्टी भी खराब हो जाती हैं |

# अध्याय 7- संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.)

**सही विकल्प चुनिए -**

प्रश्न1. प्रथम विश्वयुद्ध कब हुआ था ?

अ. 1939 से 1945 तक ब. 1914 से 1919 तक

स. 1919 से 1939 तक द. 1945 से 1962 तक

उत्तर -ब. 1914 से 1919 तक

प्रश्न2. सर्वप्रथम परमाणु बम का प्रयोग किस युद्ध में किया गया था -

अ. प्रथम विश्वयुद्ध में ब. द्वितीय विश्वयुद्ध में

स. भारत पाकिस्तान युद्ध में द. भारत चीन युद्ध में

उत्तर -ब. द्वितीय विश्वयुद्ध में

प्रश्न3. संयुक्त राष्ट्र संघ ने कब से विधिवत कार्य आरंभ किया -

अ. 24 अक्टूबर 1945 ब. 24 अक्टूबर 1962

स. 24 अक्टूबर 1919 द. 24 अक्टूबर 1939

उत्तर -अ. 24 अक्टूबर 1945

प्रश्न4. सन्2011 की स्थिति में कितने देश इसके सदस्य थे -

अ. 109 ब. 103

स. 93 द. 193

उत्तर -द. 193

प्रश्न5. सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के लिए बनी नियमावली (चार्टर ) पर कितने देशों ने हस्ताक्षर किये-

अ. 193 ब. 50

स. 100 द. 93

उत्तर -ब. 50

**प्रश्न6. संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थायी सदस्य कौन-कौन से देश हैं ?**

उत्तर - संयुक्त राष्ट्र संघ के 5 स्थायी सदस्य हैं-

अ. संयुक्त राज्य अमेरिका ब. चीन स. फ्रांस द. ग्रेट ब्रिटेन ड. रूस

**प्रश्न7. संयुक्त राष्ट्र संघ ने विशेष संस्थाओं की स्थापना किस उद्देश्य से की थी ?** **SST 811**

उत्तर - दुनिया में विकास हेतु समुचित परिस्थितियों के निर्माण के लिए विभिन्न देशों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ लोगों का जीवनस्तर ऊँचा उठाने के लिए एवं पूर्ण रोज़गार देने आदि के उद्देश्य से कुछ विशेष संस्थानों की स्थापना की गई थी |

**SST 810,832**

**प्रश्न8. पल्स पोलियो अभियान को समझाइये |**

उत्तर- विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं यूनिसेफ द्वारा हमारे देश की तरह अन्य देशों में भी पोलियो के वायरस (विषाणु) को समाप्त करने के लिए पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, इसमें 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाती है |

**प्रश्न9. संयुक्त राष्ट्र संघ की यूनिस्को नामक संस्था के क्या उददेश्य हैं ?** **SST 825,834**

उत्तर- भारत सहित विभिन्न देशों में सबके लिए शिक्षा, बालिका शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा और **साक्षरता तथा वैज्ञानिक और तकनीकि शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए यूनिस्को संस्था काम कर रही है |**

**प्रश्न10. संयुक्त राष्ट्र संघ, देशों के मध्य आपसी विवाद को हल करने के लिए कैसे कार्य करता है ?** **SST 832**

उत्तर- संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी कोई सेना नहीं होती अतः वह सदस्य देशों के सैनिकों को ही विशेष कार्यों के लिए उपयोग में लेता है | विभिन्न देशों के मध्य विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शांति सेना गठित की जाती है, जैसे अफगानिस्तान के लिए भेजी गई सेना में भारत के सैनिक भी शामिल थे |

**प्रश्न11. अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने किन सिध्दांतों के पालन का निण** **SST 832,825** **लिया?**

उत्तर- अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने निम्नलिखित सिध्दांतों का पालन करने का निर्णय लिया-

1. आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाएंगे |

2. किसी राष्ट्र के विरुद्ध कोई राष्ट्र बल प्रयोग नहीं करेगा |

3. यदि कोई राष्ट्र अन्य राष्ट्र पर आक्रमण करता है तो संयुक्त राष्ट्र संघ उसका विरोध करेगा |

4. नियमावली की शर्तों का सभी सदस्य देश निष्ठापूर्ण पालन करेंगे |

**प्रश्न12. संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख अंग कौन-कौन से हैं नाम लिखिए |** **SST 824**

उत्तर- संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रमुख 6 अंग -

1. सामान्य सभा

2. सुरक्षा परिषद्

3. आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्

4. न्यास परिषद्

5. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

6. सचिवालय

**प्रश्न13. संयुक्त राष्ट्र संघ की विशेष संस्थाए कौन-कौन सी हैं?** **SST 824,832**

उत्तर- संयुक्त राष्ट्र संघ की कुछ विशेष संस्थाए निन्मलिखित हैं-

1. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ( International Labor Organization )

2. खाद्य एवं कृषि परिषद् ( Food & Agriculture Organization )

3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund )

4. विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization )

5. यूनिसेफ ( United Nation of Integrated Child Education Fund )

6. यूनेस्को (United Nation of Education Science and Culture Organization )

**प्रश्न14. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा यूनिसेफ के साथ मिलकर किन-किन रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है ?** **SST 832,830**

उत्तर- विश्व स्वाथ्य संघठन द्वारा यूनिसेफ़ के साथ मिलकर निम्नलिखित रोगों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है - गाँवों या शहरों में गर्भवती माताओं और छोटे बच्चों को पोलियो, टिटनेस, खसरा, कुकुर-खांसी, डिप्थीरिया (गलघोटू) और तपेदिक जैसे रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है |

## अध्याय 9

## सूचना का अधिकार

सही विकल्प चुनो -

प्रश्न 1. सूचना के अधिकार के अंतर्गत आवेदन के कितने दिनों के अन्दर जानकारी दी जाती है -

अ. 15 दिन ब. 20 दिन

स. 25 दिन द. 30 दिन

उत्तर - द. 30 दिन

प्रश्न 2. सूचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करने के लिए दिए गये आवेदन के साथ कितना शुल्क जमा करना होता है -

अ. 100 रु. ब. 50रु.

स. 10 रु. द. 30 रु.

उत्तर - स. 10 रु

प्रश्न 3. सूचना का अधिकार के अंतर्गत जानकारी देने वाली संस्था या कार्यालय की गलती सिद्ध होने पर उसे प्रतिदिन कितना जुर्माना देना होता है -

अ. 250 रु. ब. 10 रु.

स. 100 रु. द. 50 रु.

उत्तर - अ. 250 रु.

**प्रश्न 4. सूचना का अधिकार क्या है?**

उत्तर- प्रजातांत्रिक आदर्शों के अनुसार वे नागरिक जो किसी प्रकार की सूचना या जानकारी चाहते हैं उन्हें अवगत कराना सरकार तथा उनके माध्यमों का कर्त्तव्य है | अतः सूचना प्राप्त करने का अधिकार नागरिकों का अधिकार है |

**प्रश्न 5. सूचना का अधिकार अधिनियम कब बना ?**

उत्तर- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 से लागू किया जा रहा है |

**प्रश्न 6. सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रमुख उद्देश्य लिखो -**

उत्तर- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रमुख उद्देश्य निम्नानुसार हैं -

1. लोकतान्त्रिक आदर्शों को प्रमुख मानते हुए यह माना गया कि नागरिक जो सूचना या जानकारी चाहते हैं उन्हें अवगत कराना सरकार तथा उनके माध्यमों का कर्त्तव्य होगा |
2. पारदर्शिता तथा जवाबदेही, नागरिकों के प्रति जनविश्वास एवं जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सकेगा |
3. नागरिकों से संबंधित लोक हित के कार्यों में अनावश्यक विलम्ब दूर हो सकेगा और नागरिकों के प्रति जवाब देह होने का एहसास हो सकेगा |
4. नागरिकों को भी कानून के दायरे में रहकर शासन या उसके माध्यमों को अकारण परेशान करने से संयम रखना होगा तथा व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्र हित में चिंतन करना होगा |

**प्रश्न 7. सूचना का अधिकार अधिनियम लागू होने के क्या लाभ हैं ?**

उत्तर- सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू होने के निम्नलिखित लाभ हैं -

1. किसी भी नागरिक द्वारा चाही गयी जानकारी समय- सीमा में उसे उपलब्ध हो सकेगी |
2. इससे विभिन्न संस्थाओं में भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है |
3. इसके कारण विभिन्न स्तरों पर होने वाली द्वितीय गड़बड़ियों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी |
4. सरकारी- गैरसरकारी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी |
5. जवाबदेही बढ़ने से कार्यों में अनावश्यक विलम्ब नहीं होगा |
6. जनविश्वास और जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सकेगा |
7. संस्थाओं और नागरिकों को कानून के दायरे में रहकर, संयमपूर्वक राष्ट्रहित में कार्य करना होगा|

**प्रश्न 8. सूचना के अधिकार का उपयोग कहाँ नहीं किया जा सकता ?**

उत्तर-

1. जम्मू एवं कश्मीर में सूचना का अधिकार अधिनियम लागू नहीं किया गया है | अतः वहाँ इसका उपयोग नहीं किया जा सकता |

2. सूचना के अधिकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभागों से जानकारी नहीं मांगी जा सकती |

**प्रश्न 9. सूचना का अधिकार के अंतर्गत जानकारी प्राप्ति के लिए आवेदक को कितना शुल्क देना होता है?**

उत्तर- सूचना का अधिकार के अंतर्गत जानकारी प्राप्ति के लिए आवेदक को 10 रु. का शुल्क जमा करना होता है | गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्ति को कोई शुल्क नहीं देना होता है |

**प्रश्न 10. सूचना का अधिकार के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करने एवं देने संबंधी प्रक्रिया को समझाइये |**

उत्तर- सूचना का अधिकार के अंतर्गत प्रक्रियाँ -

1. संबंधित संस्था, जिससे जानकारी प्राप्त करना हो उसे लिखित आवेदन देना |
2. आवेदन के साथ 10 रु. शुल्क जमा करना हो उसे लिखित आवेदन देना |
3. संबंधित कार्यालय द्वारा 30 दिनों के भीतर जानकारी देना |
4. जानकारी में यदि कागज की छायाप्रतियां दी जा रही हो तो व्यक्ति को छाया प्रतियों का शुल्क जमा करना |
5. 30 दिनों के भीतर जानकारी प्राप्त न होने, अधूरी जानकारी/ भ्रामक जानकारी देने पर आवेदक द्वारा बड़े अधिकारी के पास पुनः आवेदन कर सकता है |
6. जानकारी देने वाली संस्था की गलती सिद्ध होने पर 3 से 250 रुपये प्रति दिवस का जुर्माना अधिकतम 25000 रुपये संबंधित व्यक्ति को देना होता है |

**प्रश्न 11. सूचना के अधिकार अधिनियम से संबंधित राज्य में कौन-सा कार्यालय कार्यरत है ?**

उत्तर - राज्य सूचना कार्यालय राज्य में सूचना के अधिकार कार्यालय अधिनियम के अंतर्गत सतत् निगरानी का कार्य करता है |

## अध्याय 10 - ट्रांस जेंडर / थर्ड जेंडर

**सही विकल्प चुनो -**

प्रश्न1. जेंडर स्त्री - पुरुष को किस भूमिका के आधार पर परिभाषित करता है -

अ. भौगोलिक 	ब. सांस्कृतिक

स. सामाजिक 	द. सामाजिक एवं सांस्कृतिक

उत्तर -द. सामाजिक एवं सांस्कृतिक

प्रश्न2. जेंडर को कितने रूपों में विभाजित किया जा सकता है-

अ. तीन 	ब. दो

स. चार 	द. एक

उत्तर -अ. तीन

प्रश्न3. निम्नलिखित में असत्य कथन को पहचानो -

अ. ये भी हमारे जैसे ही हैं।

ब. इनके साथ भेद भाव नहीं करना चाहिए |

स. इन्हें भी हमारे जैसे सभी अधिकार प्राप्त नहीं है |

द. इन्हें भी हमारे जैसा प्यार, अपनापन और सम्मान पाने का अधिकार है |

उत्तर -स. इन्हें भी हमारे जैसे सभी अधिकार प्राप्त नहीं है |

प्रश्न4. ट्रांसजेंडर लोगों को मिलना चाहिए -

अ. विशेष अधिकार 	ब. सामान्य नागरिक के अधिकार

स. अतिरिक्त राशि 	द. अतिरिक्त सुविधाएँ

उत्तर -ब. सामान्य नागरिक के अधिकार

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -**

**प्रश्न5. 'जेंडर' किसे कहते हैं ?** **SST 832**

उत्तर- जेंडर- सामाजिक- सांस्कृतिक रूप में स्त्री- पुरुष को दी गई परिभाषा है जिसके माध्यम से समाज उन्हें स्त्री और पुरुष दोनों की सामाजिक भूमिका में विभाजित करता है अर्थात समाज स्त्री और पुरुष को कैसी भूमिकाएँ, अधिकार और संसाधन देता है, उन्हें किस तरह का व्यवहार और मानसिकता सिखाता है|

**प्रश्न6. जेंडर कितने प्रकार के होते हैं |**

उत्तर- सामाजिक- सांस्कृतिक रूप से जेंडर को तीन प्रकारों में विभाजित किया जाता है -

अ. स्त्री ब. पुरुष स. थर्ड जेंडर या ट्रांस जेंडर ( परिवर्तित / परिवर्तनशील )

**प्रश्न7. आपने ट्रांस जेंडर या थर्ड जेंडर शब्द पढ़ा या सुना होगा, इससे आप क्या समझते हैं ?** **SST 832**

उत्तर- ट्रांस जेंडर या थर्ड जेंडर वाले लोगों में जन्म के समय के जेंडर (लड़का या लड़की के रूप में) और बड़े होने के बाद के जेंडर (लड़की या लड़का के रूप में) अंतर हो सकता है |

**प्रश्न8. आपने अपने आस-पास किसी ट्रांस जेंडर को देखा होगा उनके बारे में लिखिए -** **SST 832**

उत्तर- ट्रांस जेंडर लोगों का पहनावा, बोलचाल, रहन-सहन का तरीका वे जैसे हैं, जैसे दिखते हैं उससे अलग हो सकता है |

**प्रश्न9. ट्रांस जेंडर लोगों के प्रति समाज में संवेदनशीलता क्यों आवश्यक है ?** **SST 832**

उत्तर- ट्रांस जेंडर लोगों के प्रति समाज में संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि -

अ. वे भी समाज के सदस्य हैं |

ब. इन लोगों के प्रति समाज के लोगों द्वारा उपेक्षा की जाती है |

स. लोग उन पर हँसते हैं, छेड़ते हैं, परेशान करते हैं, उनके लिए गन्दी बाते करते हैं |

**प्रश्न10. ट्रांस जेंडर लोगों के प्रति उनके परिवार का व्यवहार प्रायः किस प्रकार परिलक्षित होता है ?** **SST 832**

उत्तर- ट्रांस जेंडर लोगों को प्रायः उनके परिवार जन अपनाने से मना कर देते हैं जिससे उन्हें जीवनयापन में अत्यंत कठिनाई होती है | कभी-कभी परिवार जनों या दूसरे के गलत एवं बुरे व्यवहार के कारण ये आत्महत्या भी कर लेते हैं |

**प्रश्न11. ट्रांस जेंडर व्यक्ति के प्रति हमें सामान्य और सम्मानजनक व्यवहार करना क्यों आवश्यक है ? SST 832**

उत्तर- ट्रांस जेंडर व्यक्ति के प्रति हमें सामान्य और सम्मानजनक व्यवहार करना आवश्यक है क्योंकि -

a. ये हमारे जैसे ही हैं |

b. ये हमारे जैसा सब कुछ कर सकते हैं |

c. इनकी जरूरतें भी हमारे जैसी ही होतीहैं |

d. हमें इनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए |

e. इन्हें भी हमारे जैसे सभी अधिकार हैं |

f. ये भी हमारे जैसे ही प्यार, अपमान और सम्मान पाने के हक़दार हैं |

g. इनके साथ भी हमारा व्यवहार इतना अच्छा होना चाहिए जैसा हम दूसरों के साथ करते हैं और अपने लिए चाहते हैं |

# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता








